

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-75 सीहोर, मंगलवार 06 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# युद्ध की आहट के बीच गृह मंत्रालय का बड़ा कदम

## 1971 के बाद पहली बार 7 मई को राज्यों में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के निर्देश




नई दिल्ली (ए)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव और सैन्य टकराव की आशंका के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) ने एक बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाया है। MHA ने देश के कई राज्यों को आगामी 7 मई को नागरिक सुरक्षा (Civil Defence) सुनिश्चित करने के लिए व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए इन निर्देशों का समय अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उस समय आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अपने चरम पर है और किसी भी समय जंग छिड़ने जैसी स्थिति बनी हुई है। सूत्रों ने बताया कि इस तरह का देशव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास आखिरी बार साल 1971 में किया गया था, जिस साल भारत और पाकिस्तान के बीच दो मोर्चों पर युद्ध हुआ था। 53 साल बाद इस तरह के अभ्यास का निर्देश मौजूदा तनाव की गंभीरता और केंद्र सरकार की तैयारियों को दर्शाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राज्यों को भेजे गए विस्तृत निर्देश में 7 मई को होने वाली मॉक ड्रिल के दौरान कई तरह के अभ्यास करने को कहा गया है। इन अभ्यासों में शत्रुतापूर्ण हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन सिस्टम का संचालन और इसके प्रति नागरिकों को जागरूक करना, संभावित हमले की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के लिए नागरिकों, छात्रों और आम लोगों को नागरिक सुरक्षा के बुनियादी पहलुओं पर प्रशिक्षण देना, हमले के दौरान और उसके बाद सुरक्षित रहने और नुकसान को कम करने के उपायों के बारे में लोगों को जानकारी देना और उनका पूर्वाभ्यास कराना शामिल है।

इसके अलावा, युद्ध के समय में महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों, जैसे कि सरकारी भवन, पावर स्टेशन आदि, को संभावित हमलों से बचाने और संरक्षित करने के उपायों का अभ्यास करने तथा आपात स्थिति में आबादी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए निकासी योजना (Evacuation Plan) को अद्यतन करने और उसका पूर्वाभ्यास करने का निर्देश भी दिया गया है।




केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ देहरादून में कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

## भोपाल मंडल में लूप लाइन संरक्षा को लेकर प्रभावी प्रयास, यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि



भोपाल (निप्र)। रेल यात्रियों की संरक्षा और निर्बाध परिचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा स्टेशन यार्डों और लूप लाइनों के उन्नयन एवं निरीक्षण कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। रेलवे यार्ड न केवल गाड़ियों के ठहराव और पारगमन के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, बल्कि मालगाड़ियों और बिना ठहराव वाली तेज गति की ट्रेनों के संचालन की दृष्टि से भी इनका बड़ा योगदान होता है। भोपाल मंडल में कुल 2224 किलोमीटर ट्रैक परिचालन हेतु उपलब्ध है, जिसमें 88 स्टेशन यार्ड सम्मिलित हैं। इन यार्डों में मेन लाइन के अतिरिक्त लूप लाइनें होती हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य ट्रेनों के सुगम संचालन को सुनिश्चित करना है। एक लूप लाइन की औसतन लंबाई लगभग 700 मीटर होती है, और यह मेन लाइन या अन्य लूप लाइन से टर्नआउट के माध्यम से जुड़ी रहती है। मंडल के यार्डों में 204 पैसेंजर रनिंग लाइनें और 256 नॉन-पैसेंजर रनिंग लाइनें कार्यरत हैं। इन लाइनों पर संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से ट्रैक पैरामीटर की तीन माह और छह माह की आवृत्तियों पर जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान पाए गए दोषों को त्वरित गति से ठीक करने की प्रक्रिया भी पूरी पारदर्शिता के साथ अपनाई जा रही है। संरक्षा के इसी क्रम में मंडल ने यार्ड संरचना को आधुनिक बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। वर्तमान में 83 यार्डों में से 35 यार्डों का उन्नयन कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष यार्डों पर कार्य प्रगति पर है। उन्नयन कार्यों में फ्री रेल जॉइंट्स को हटाना, पुराने टर्नआउट को प्रतिस्थापित करना, गिट्टी की छनाई, ड्रेनेज सुधार और ट्रैक फिटिंग्स का प्रतिस्थापन जैसे कार्य प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं। भोपाल मंडल ने वर्ष 2024-25 में यार्डों की सुरक्षा और कार्यकुशलता को बढ़ाने हेतु लगभग 244 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इसके अंतर्गत 11 महत्वपूर्ण यार्डों की पहचान की गई है, जिनमें से 4 यार्डों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और शेष यार्डों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। भोपाल रेलवे प्रशासन का सतत प्रयास है कि प्रत्येक यार्ड की संरचना यात्रियों की सुरक्षा, ट्रेनों की गति, समयबद्धता और परिचालन सुविधा के अनुसार उच्च मानकों पर आधारित हो। लूप लाइन और यार्ड अपग्रेडेशन के ये प्रयास रेल संरक्षा अभियान के अंतर्गत यात्रियों को एक संरक्षित, सहज और भरोसेमंद यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## आप मामले की संवेदनशीलता को नहीं समझते, पहलगाम हमले में दायर याचिका पर सुको ने लगाई फटकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पर्यटकों की सुरक्षा की मांग करने वाली जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए याचिकाकर्ता के वकील को जमकर फटकार लगाई। याचिकाकर्ता के वकील को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह की याचिका प्रचार पाने के लिए लगाई जाती है। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिका कर्ता के वकील से पूछा कि ऐसी जनहित याचिका आपने क्यों दायर की है? आपका असली मकसद क्या है? क्या आप इस मुद्दे की संवेदनशीलता को नहीं समझ पा रहे है? इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यह पहली बार है जब जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों को निशाना बनाया गया है। इसलिए यह याचिका लगाई है कि पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर कोई निर्देश जारी की जाए।इस बीच, सिक्योरिटी फोर्सेस ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी ठिकाना खोजा है। यहां 5 ढ्ढश्वष्ठ, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े भी बरामद हुए हैं। पुंछ के सुरनकोट में मारहोट गांव में यह ठिकाना मिला। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह आतंकियों के छिपने की जगह है।

## करुणाधाम में रक्तदान शिविर आज

भोपाल (निप्र)। करुणाधाम मातृशक्ति ब्रह्मलीन मातुश्री स्मृति दिवस पर रक्तदान शिविर मंगलवार 6 मई को शाम 5 बजे से होगा। करुणाधाम आश्रम में ब्रह्मलीन मातुश्री श्रीमती दुर्गा शाण्डिल्य की स्मृति में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आश्रम के शाश्वत शाण्डिल्य ने बताया कि पीठाधीश्वर गुरूदेव सुदेश शाण्डिल्य महाराज के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में शिविर में युवा रक्तदान करेंगे। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से हम सब मिलकर किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं।

## पाकिस्तान को आर्थिक झटका देने की तैयारी, भारत ने ADB से की फंडिग रोकने की अपील




नई दिल्ली (ए)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए दुखद आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने सख्त रुख को केवल सैन्य या राजनीतिक बयानों तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि अब उस पर आर्थिक और कूटनीतिक दबाव भी बढ़ाना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की 'दुखती नस' यानी उसकी कमजोर अर्थव्यवस्था पर निशाना साधते हुए भारत ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और अन्य देशों से पाकिस्तान को दी जा रही वित्तीय सहायता रोकने का अनुरोध किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भारत ने एशियाई विकास बैंक ( ADB) से पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता पर रोक लगाने का आग्रह किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही मे ADB के प्रमुख मासातो कांडा के साथ हुई एक बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।भारत की यह पहल केवल ADB तक ही सीमित नहीं है। रिपोर्ट्स बताते हैं कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस मुद्दे को इटली के वित्तमंत्री सहित कई अन्य देशों के साथ भी उठा चुकी हैं। भारत इन देशों के साथ द्विपक्षीय स्तर पर बातचीत कर रहा है ताकि वे पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता को रोक दें या उसकी समीक्षा करें।

## किसानों ने किया प्रदर्शन का ऐलान, सीएम मान का सख्त स्टैंड, आम जनता को परेशान नहीं होने दूंगा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। किसानों ने एक तरफ 6 मई को प्रदर्शन का ऐलान किया है वहीं इस प्रदर्शन से पहले किसान नेता जगजीत डल्लेवाल समेत कई नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस टीम सोमवार तड़के 4 बजे ही उनके फरीदकोट स्थित घर पहुंच गई। डल्लेवाल ने खुद सोशल मीडिया पर लाइव आकर इसकी जानकारी दी। वहीं, पंजाब में आए दिन हो रहे धरनों, सड़कों के जाम और रेल रोको आंदोलनों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सख्त रुख अपनाते हुए सीधे चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि अब आम जनता को परेशान करने वाले किसी भी प्रदर्शन, हड़ताल या धरने को जनविरोधी गतिविधि माना जाएगा।मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि संस्थाओं, संगठनों, जत्थेबंदियों और यूनियन ध्यान दें.. अगर आपने भी विरोध करना है तो इसके और भी कई तरीके होते है, सिर्फ लोगों को तंग करना सही नहीं है।

## भारत-पाक तनाव के बीच PMO में उच्च-स्तरीय बैठक, PM मोदी, CJI और राहुल गांधी हुए शामिल



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की शीर्ष जांच एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) के अगले निदेशक की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में, प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए।यह बैठक वर्तमान सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का दो साल का कार्यकाल 25 मई को समाप्त होने से ठीक पहले हुई है। सीबीआई निदेशक का चयन एक विशिष्ट उच्च-स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें ये तीनों प्रमुख हस्तियां शामिल होती हैं। सीबीआई निदेशक की नियुक्ति दिल्ली स्पेशल पुलिस इस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 1946 के तहत होती है। इस कानून में 2013 में किए गए बदलावों के अनुसार, सीबीआई प्रमुख की नियुक्ति के लिए इस तीन-सदस्यीय समिति की सिफारिशें अनिवार्य हैं।

समिति संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श करती है और अंततः सीबीआई निदेशक पद के लिए किसी एक नाम पर अपनी मुहर लगाती है।वर्तमान सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद 1986 बैच के कर्नाटक कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारी हैं। उन्हें मई 2023 में सीबीआई का निदेशक नियुक्त किया गया था और उन्होंने 25 मई 2023 को सुबोध जायसवाल की जगह यह कार्यभार संभाला था। उनका कार्यकाल आगामी 25 मई 2025 को समाप्त हो रहा है।

## हृदय शाह के मोतीमहल, रानीमहल सहित शंकर शाह, रघुनाथ शाह एवं रानी दुर्गावती के स्मारकों का किया जाएगा विकास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### किसानों को 5 रुपये में बिजली कनेक्शन



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आजादी के लिए आन, बान और शान से लड़ने वाले राजा हृदय शाह, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा और टंट्या मामा ने महान कार्य किया है, जो जल जमीन, जंगल और जमीर की रक्षा के लिए आगे आये हैं। हमारे प्रदेश और देश के जनजातीय महापुरुषों ने हमें गौरवान्वित किया है। हमें गर्व है जनजातीय महापुरुषों के उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में खरगोन में क्रांति सूर्य टंट्या मामा विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हृदय शाह द्वारा बनाये गए मोती महल का अवलोकन करते हुए लोक कला प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने 61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया।

### स्मारकों व किलों के विकास कार्य होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि रामनगर और मंडला में राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, मोतीमहल, रानी महल को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने मंच से कलेक्टर सोमेश मिश्रा को रामनगर स्थित मढ़िया के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसमें करीब 5 हजार नागरिकों की बैठक व्यवस्था के लिए सभागार, पेयजल और ठहरने की व्यवस्था आदि के प्रस्ताव शामिल होंगे। जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के लिए बैगा, भारिया व सहरिया जनजाति के लिए राशि हुई स्वीकृत।

## मध्यप्रदेश का बदला मौसम, इंदौर में चली 111 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी

### भोपाल सहित कई जिलों में हुई बारिश



भोपाल,(ए)। मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। बदलते मौसम के मिजाज के बीच सोमवार को भोपाल और ग्वालियर समेत कई जिलों में बारिश हुई, जबकि बीते 24 घंटे में 50 से ज्यादा शहरों और कस्बों में पानी गिर चुका है। रविवार को इंदौर में तेज आंधी के साथ रिकॉर्ड पौने तीन इंच बारिश दर्ज की गई।राज्य के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में व्यापक स्तर पर बारिश की सूचना है। उज्जैन, जबलपुर, अमरकंटक, अनूपपुर, शहडोल और बालाघाट सहित कई स्थानों पर तेज बारिश और ओले गिरे। वहीं, शाजापुर, देवास, आगर-मालवा, बड़वाह, हरदा और मुलताई जैसे जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने ग्वालियर-चंबल संभाग में अगले कुछ घंटों में ओलावृष्टि और आंधी का अलर्ट जारी किया है। मुरैना, शिवपुरी, गुना और विदिशा सहित 24 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।रविवार को इंदौर में 111 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली तेज आंधी ने कई जगहों पर पेड़ गिरा दिए और जनजीवन प्रभावित किया। सिंगरौली (80 किमी/घंटा), सीहोर (78), हरदा (74), आगर-मालवा (69), और भोपाल एयरपोर्ट क्षेत्र (65) में भी तेज हवाओं की रफ्तार दर्ज की गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के परीक्षा परिणाम करेंगे घोषित

### वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम उपलब्ध रहेगा

भोपाल ( ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 मई 2025 को प्रातः 10 बजे मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में घोषित करेंगे। मण्डल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम ज्ञात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। निम्न वेबसाईट पर परिणाम परीक्षा उपलब्ध रहेंगे। https://mpbse.mponline.gov.in,https://www.digilocker.gov.in/web/dashboard/issuers,www. jagranjosh.com, https ://education. indi-ane&press com, https://www.fastresult.in , https://www.hindustantimes.com/education www.livehindus-tan.com

## रेलवे कर्मचारी के फ्लैट पर छापा, 'अय्याशी' के अड्डे में मिला बम बनाने का सामान और रेल हादसे की कटिंग, पुलिस भी हैरान



भिलाई (ए.)। छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर की एक पॉश कॉलोनी में पुलिस ने एक रेलवे कर्मचारी के फ्लैट पर छापामार कार्रवाई की है। फ्लैट के भीतर का नजारा देखकर पुलिस भी सकते में आ गई। पुलिस को यहां से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान, अय्याशी से जुड़ी वस्तुएं, बम बनाने की सामग्री और सबसे चौंकाने वाली बात, रेल हादसों से जुड़ी खबरों की सैकड़ों पेपर कटिंग्स और उन पर कर्मचारी की टिप्पणियां मिली हैं। पुलिस ने फ्लैट मालिक और आरोपी रेलवे कर्मचारी कमल किशोर को गिरफ्तार कर लिया है।मामला भिलाई की पॉश कॉलोनी चौहान ग्रीन वैली का है। आरोपी कमल किशोर बिलासपुर में रेलवे में ग्रेड-2 का कर्मचारी है और इसी कॉलोनी में उसके नाम पर फ्लैट है। बताया जा रहा है कि कमल किशोर अपने इस फ्लैट को OLX और एक फर्जी OYO वेबसाइट के जरिए कपल्स को 500 रुपये प्रतिदिन के किराए पर भी देता था।कॉलोनीवासियों को फ्लैट में लगातार अजनबी लोगों की आवाजाही पर काफी समय से शक था। ग्रीन वैली सोसाइटी के प्रभारी पी एस एन राव ने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों के बारे में उन्हें जानकारी थी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कॉलोनीवासियों के शक के आधार पर कॉलोनी में रहने वाले एक युवक और युवती ग्राहक बनकर फ्लैट का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने फ्लैट पर संदिग्ध गतिविधियां देखीं और इसकी सूचना अन्य लोगों को दी।इसी दौरान, आरोपी कमल किशोर ने उस युवक और युवती को कमरे में बंद कर दिया। जब कॉलोनीवासियों ने अंदर से शोर सुना, तब वे फ्लैट के पास जमा हुए और तत्काल पुलिस को बुला लिया।पुलिस ने सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर फ्लैट पर छापेमारी की और आरोपी कमल किशोर को हिरासत में ले लिया। पुलिस को फ्लैट की तलाशी के दौरान सैकड़ों की संख्या में पुराने मोबाइल फोन, बैटरियां, ताले, सिम कार्ड, लड़की के बाल, इस्तेमाल किए हुए कंडोम और कई अन्य आपत्तिजनक सामान मिले।सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि पुलिस को फ्लैट से बम बनाने का सामान और एक रजिस्टर बरामद हुआ है, जिसमें रेल हादसों से जुड़ी खबरों की कटिंग्स चिपकाई गई हैं और उन पर कमल किशोर की हस्तलिखित टिप्पणियां दर्ज हैं। यह देखकर पुलिस भी सन्न रह गई है।फ्लैट पर बम बनाने की सामग्री मिलने से स्थानीय लोग डरे हुए हैं।

## पैसों के लिए कलयुगी बेटे ने ली पिता की जान, रॉड से हमला कर हत्या

विदिशा(आरएनएस)। रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना विदिशा से सामने आई है, जहां एक कलयुगी बेटे ने सिर्फ पैसों की खातिर अपने बुजुर्ग पिता की निर्मम हत्या कर दी। यह सनसनीखेज वारदात पूरणपुरा गली नंबर 3 में बीती रात घटित हुई, जब छोटे बेटे ने लोहे की रॉड से अपने पिता परशुराम कुशवाहा के सिर पर वार कर उनकी जान ले ली। मृतक परशुराम कुशवाहा बिजली विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे और उनके पेंशन से ही परिवार का भरण-पोषण होता था। बताया जा रहा है कि उनका छोटा बेटा कोई नियमित काम नहीं करता था और अक्सर घर में पैसों की मांग को लेकर झगड़ा करता रहता था। बीती रात भी इसी तरह का विवाद हुआ, जिसके बाद बेटे ने आपा खो दिया और लोहे की रॉड से अपने पिता के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण परशुराम कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिविल लाइन थाने के सब-इंस्पेक्टर के.के. पवार ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वारदात शाम के समय हुई। उन्होंने बताया कि मृतक परशुराम को पेंशन मिलती थी, जबकि उनका छोटा बेटा बेरोजगार था और पैसों को लेकर आए दिन घर में कलह मचाता था।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव रिंवझा में भागवत कथा में हुए शामिल

## मुख्यमंत्री की कार्य शैली की तारीफ कथावाचक डॉ. अनिरूद्धाचार्य जी महाराज ने की

भोपाल ( निप्र)मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को मझौली के समीप स्थित ग्राम रिंवझा में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन गौरी गोपाल आश्रम, वृंदावन के संस्थापक एवं प्रख्यात कथावाचक डॉ. अनिरुद्धाचार्य जी महाराज द्वारा किया गया है। रिंवझा अनिरुद्धाचार्य जी महाराज का पैतृक ग्राम है और उनका बचपन यही व्यतीत हुआ था।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन स्थल पर पहुँचकर अनिरुद्धाचार्य जी महाराज से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यासपीठ को भी नमन किया तथा प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बंशी, श्रीमद्भागवत गीता एवं अंगवस्त्रम् भेंट कर स्वागत किया। अनिरुद्धाचार्य जी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कार्यशैली, लोकहित में उनके किये जा रहे कार्यों की सराहना की।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने के अवसर को श्रद्धालुओं के लिये सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की यह कथा भक्तों के रोम-रोम को आनंद प्रदान करने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वेद वाक्य यत् पिंडे-तत् ब्रह्माण्डे की व्याख्या भी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया आज भारतीय संस्कृति को देखना, समझना और अंगीकृत करना चाहती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कंस का वध करने के बाद शिक्षा प्राप्त करने उज्जैन आए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धार के समीप स्थित अमझेरा में भगवान श्रीकृष्ण ने युद्ध किया और जानापाव में उन्हें भगवान परशुराम ने सुदर्शन चक्र दिया था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी प्रासंगिक है। यह सभी को अमीर और गरीब के भेद से मुक्त होकर मित्रता निभाने की सीख प्रदान करती है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उज्जैन ओंकारेश्वर, महेश्वर, मैहर एवं ओरछा सहित उन्नीस धार्मिक नगरों में शराब की दुकानों को बंद कराया गया है। इसके साथ ही खुले में मांस विक्रय को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिसके घर गाय होती है उसे गोपाल कहते हैं और जिसके घर में गाय का कुल होता है उसे गोकुल कहते हैं। प्रदेश में गौपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। 25 से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश अभी तीसरे स्थान पर है और संपूर्ण देश का 9 प्रतिशत दूध मध्यप्रदेश में उत्पादित होता है। राज्य सरकार ने इसे 20 प्रतिशत तक बढाने का संकल्प लिया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को सर्व सुविधायुक्त बनाने का प्रबंध भी किया जा रहा है और जगह-जगह आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को संस्कारों की शिक्षा देने देवी-देवताओं के प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।अनिरूद्धाचार्य जी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान करने ग्राम रिंवझा में विद्यालय बनाने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वृंदावन स्थित गौरी गोपाल आश्रम आने तथा इस संस्था द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों का अवलोकन करने का आग्रह भी किया

## कांग्रेस के मीडिया विभाग में हुआ बदलाव, 53 प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी, मुख्य प्रवक्ता का पद किया समाप्त



भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने लगातार बदलाव कर रही है। अब प्रदेश मीडिया विभाग नें बदलाव किया गया है। एमपी कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने 53 प्रवक्ताओं लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने अब मुख्य प्रवक्ता का पद खत्म कर दिया है। पिछले साल 9 मुख्य प्रवक्ता और 22 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई थी। ।

**कुणाल चौधरी समेत 9 प्रवक्ताओं की छुट्टी**

एमपी कांग्रेस में.53 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही कई प्रवक्ताओं की छुट्टी कर दी गई है। इनमें पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, डॉ.अशोक मर्सकोले, बैजनाथ कुशवाह, विपिन वानखेड़े को हटाया गया है। राजकुमार केलू उपाध्याय, रीना बौरासी, अवनी बंसल, अमित शर्मा को भी प्रवक्ताओं की लिस्ट से बाहर किया गया है।

**इन्हें मिली जगह**

अजीत भदौरिया, अपराजिता पांडे, अब्बास हफीज, अभिनव बरोलिया, अमित चौरसिया, अमित तावड़े, अंबिका शर्मा, अवनीश बुन्देला, आनंद जाट, आनंद जैन कासलीवाल, आरपी सिंह, कुंदन पंजाबी, गुंजन शुक्ला, जितेन्द्र मिश्रा, ज्योति पटेल, धर्मेन्द्र शर्मा, नीलाभ शुक्ला, नूरी खान, प्रतिभा विक्टर, प्रमोद द्विवेदी, प्रवीण धौलपुरे, प्रियंका शर्मा, फिरोज सिद्दीकी, भूपेन्द्र गुप्ता, मिथुन अहिरवार, मुकेश पंथी, मृणाल पंत, योगेश यादव, रवि वर्मा, रवि सक्सेना, राजेश चौकसे, राम पांडे, राहुल राज, रितेश त्रिपाठी, रोशनी यादव, विक्रम चौधरी, विनय सक्सेना, विनोद शर्मा, विवेक त्रिपाठी, शहरयार खान, शैलेन्द्र पटेल, संगीता शर्मा, संतोष सिंह गौतम, संतोष सिंह परिहार, संदीप सबलोक, समर सिंह, साबिर फिटवाल, सीताशरण सूर्यवंशी, सुनील मिश्रा, स्पर्श चौधरी, स्वदेश शर्मा, हर्ष जैन, हिमानी सिंह।

## 23वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप का समापन

### म.प्र.राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 2 पदक,खेल मंत्री श्री सारंग ने बधाई दी



भोपाल (ए.)। 23वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन दिनांक 22 अप्रैल से 05 मई 2025 तक भोपाल में किया गया। भोपाल में आयोजित इस शूटिंग चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के शूटिंग खिलाड़ी चेतन सप्कल ने स्वर्ण और साहिल चौधरी ने कांस्य पदक अर्जित कर कुल 02 पदक अर्जित किये। 5 मई 2025 को प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेल अकादमी के शूटिंग खिलाडी ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन कर पहले चरण में 279 और द्वितीय चरण में 270 अंक सहित कुल 549 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगिता में खेल अकादमी के शूटिंग खिलाडी ने भी 25मी. सेन्टर फायर पिस्टल सीनियर मेन वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दोनों पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र में चार ट्रांसमिशन टॉवर क्षतिग्रस्त

### अमरकंटक में उत्पादित विद्युत की निकासी और पारेषण पर कोई प्रभाव नहीं : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है गत दिवस तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 के.व्ही. अमरकंटक-सीधी तथा 220 के.व्ही. सीधी-रीवा ट्रांसमिशन सर्किट के चार टॉवर क्षतिग्रस्त हो गये। इस कारण अमरकंटक से सीधी 220 के.व्ही. सर्किट में विद्युत प्रवाह प्रभावित हुआ, लेकिन 220 के व्ही सबस्टेशन सीधी में वैकल्पिक ट्रांसमिशन सप्लाई उपलब्ध होने से क्षेत्र में इस कारण कोई विद्युत व्यवधान नहीं हुआ। साथ ही इससे अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन चचाई में उत्पादित विद्युत की निकासी एवं पारेषण पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा और अन्य सर्किट अनूपपुर एवं जबलपुर में विद्युत आपूर्ति निर्विघ्न बनी रही।

**72 मीटर ऊँचा टावर भी हुआ क्षतिग्रस्त**

एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़ ने बताया कि विंध्य क्षेत्र में सोन नदी के आसपास मौसम के अचानक बिगड़ने से उपरोक्त दोनों सर्किट में दो टॉवर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा दो अन्य टॉवर आंशिक रूप से प्रभावित हुए।

## एक नज़र

### नाबालिक किशोरी से बेड टच करने वाले को 5 साल की जेल

भोपाल(ए.)। राजधानी के थाना अशोका गार्डन इलाके में साल 2022 में नाबालिग किशोरी से बेड टच के आरोपी को सुनवाई पूरी होने अदालत ने दोषी करार देते हुए पॉच साल के सश्रम कारावास की सजा दिये जाने का फैसला सुनाया है। यह आदेश कुमुदिनी पटेल विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने दिया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं ज्योति कुजूर द्वारा पैरवी की गई है। ज्योति कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया की 26 जून 2022 को पीडिता की मॉ ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की उसकी सात साल की बेटी अपने पिता के साथ 26 जून 2022 की सुबह 11:30 से 12 बजे बाल कटाने के लिये किंग कॉस्मो हेयर कटिंग सैलून गई थी। वहॉ कंटिग करते समय आरोपी जैद ने उसके साथ प्रायवेट पार्ट पर कई बार बच्ची बेड टच किया था। अशोका गार्डन पुलिस ने धारा 354-ए भादवि एवं 9(एम)/10 पॉक्सो एक्ट का मामला कायम कर जॉच के बाद कोर्ट में चालान पेश किया था। अदालत में पैरवीकर्ताओ की और से पेश किये गये तर्क, साक्ष्यो, से सहमत होते हुये आरोपी जैद को दोषी करार देते हुए धारा 9(एम)/10 पॉक्सो एक्ट मे पॉच साल का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपये के अर्थदण्ड एवं धारा 354-ए भादवि मे 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपये से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराजा छत्रसाल की जयंती पर किया नमन

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुंदेलखंड के वीर सपूत, साहस, शौर्य और देशभक्ति के पर्याय, श्रद्धेय महाराजा छत्रसाल की जयंती पर उन्हें नमन किया । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मातृभूमि की स्वतंत्रता, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन अनंतकाल तक प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र के उत्थान में योगदान देने की प्रेरणा देता रहेगा।

### लव जिहाद के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने अफसरों से बात की

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल के निजी कॉलेज की हिंदू छात्राओं से रेप, ब्लैकमेलिंग और लव जिहाद के मामले में अब राष्ट्रीय महिला आयोग भी सक्रिय हो गया है। रविवार को महिला आयोग की टीम ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

केस की जांच कर रही एसआईटी के अधिकारियों को तलब किया गया। बताया जा रहा है कि भोपाल के होटल रेडिसन में महिला आयोग की टीम और पुलिस अधिकारियों के बीच इस केस को लेकर चर्चा हुई। अगले 3 दिन तक राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम भोपाल में ही रहेगी। केस से जुड़े सभी पक्षों को सुना जाएगा। आयोग की टीम रेप पीड़िताओं और उनके परिजन से भी मुलाकात कर चर्चा कर सकती है। महिला आयोग की टीम सभी पक्षों को जरूरी सुझाव भी देगी। आयोग सुनिश्चित करेगा कि पीड़ितों को न्याय मिले और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस की अब तक की कार्रवाई का स्टेटस भी टीम लेगी।

### चित्रगुप्त भगवान की आरती में शामिल हुए विधायक सबनानी

भोपाल(आरएनएस)। भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर चित्रगुप्त नगर कोटरा में स्थित मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया, आरती में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवानदास सबनानी सम्मिलित हुए।

मां इरावती चित्रगुप्त सांस्कृतिक एवं सामाजिक न्याय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि आज के इस शुभ अवसर पर में सभी कायस्थ समाज के सामाजिक बंधुओ के साथ ही सभी प्रदेशवासियों को शुभकामना देता हूं,और भगवान श्री चित्रगुप्त के चरणों में नमन करते हुए सभी की सुख शांति की कामना करता हूं, हमें बचपन से बताया गया है कि मनुष्य अपने कर्मों से ही श्रेष्ठ बनता है, वर्तमान समय में भी लोग अपने काम की वजह से ही पहचान बनाते हैं और समाज में उनका काम ही उन्हें सम्मान दिलाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने काम के प्रति निष्ठावान होना चाहिए और समर्पित भाव से अपने काम को करना चाहिए, मैं पुनः सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।इस अवसर पर राजेश वर्मा, ओपी श्रीवास्तव, पंकज कुलश्रेष्ठ सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के मझौली में विष्णु वराह मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

## PCC में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक में बनी रणनीति, वक्फ बिल के विरोध में अभियान चलाएगी कांग्रेस

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी वक्फ बिल को लेकर लगातार विरोध दर्ज कर रही है। सोमवार को पीसीसी में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक में आगे की रणनीति तैयार की गई। बैठक में तय किया गया कि वक्फ संशोधन बिल के विरोध में अब कांग्रेस भी जन जागरूकता अभियान चलाएगी। बैठक में मप्र कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक में पूर्व विधायक हमीद काजी और AICC अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी निजाम कुरैशी के साथ एमपी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम और सभी जिलों के अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे।

**संविधान बचाओ अभियान के संबंध में चर्चा**

शेख अलीम ने बताय कि बैठक का प्रमुख उद्देश्य वक्फ संशोधन विधेयक एवं संविधान बचाओ अभियान के संबंध में चर्चा एवं आगामी रणनीति तय करना रहा। बैठक में प्रदेश के समस्त जिलों के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। उन्होने कहा कि अभी पहलगाम में जो घटना हुई। उस घटना पर बीजेपी को एक दिन भी हिन्दू-मुस्लिम करने का मौका नहीं मिला और हमारा अल्पसंख्यक समाज मैदान में आया। आतंकवाद और पहलगाम में हुए घिनौने कृत्य के विरोध में पूरे प्रदेश में अल्पसंख्यक समाज ने पुतले जलाए। उसकी एक अलग ही पूरे प्रदेश में बात पहुंची कि हिन्दुस्तान का मुसलमान अपने देश और हिंदू भाईयों के साथ है। गंगा-जमुनी तहजीब के साथ है।





## भोपाल में तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

### >>> चयनित मास्टर ट्रेनर्स प्रदेश में विज्ञान शिक्षकों को देंगे प्रशिक्षण

भोपाल (ए.)। भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार से तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला में प्रदेश के चयनित मास्टर्स ट्रेनर्स सहभागिता कर रहे हैं। यह मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में जाकर जिले के विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यशाला में विज्ञान शिक्षकों के लिए कक्षा 6 से 12 के प्रायोगिक एवं प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है।

कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को 'करके सीखन' की पद्धति, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और 21वीं सदी के कौशलों से विद्यार्थियों को सशक्त करना है। इस व्यवस्था से विद्यार्थी जिज्ञासु, सहभागी और विज्ञान के प्रति जागरूक हो सकेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति के आधार पर शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रहा है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिये विज्ञान शिक्षको की कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

**दो नवाचारी मॉड्यूलों को किया गया औपचारिक लॉन्च**

विज्ञान शिक्षा का 'नवोन्मेष' मॉड्यूल तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण का चरणबद्ध संचालन मार्गदर्शित करता है। इस मॉड्यूल से विज्ञान विषय के मास्टर ट्रेनर्स संभाग स्तरीय प्रशिक्षण को प्रभावी बना सकेंगे। प्रशिक्षण का दूसरा मॉड्यूल 'प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण' है।

इस मॉड्यूल में राज्य के शिक्षकों द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए सफल प्रोजेक्ट्स को संकलित करना है, जो आगामी सत्र के लिए प्रोजेक्ट योजनाओं का मार्गदर्शन करेगा।

अपर संचालक रविन्द्र सिंह ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान एक अत्यंत रोचक विषय है, इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपने विद्यार्थियों के लिए कैसी जगह बनाते हैं। विद्यार्थियों के लिये कक्षा में ऐसा माहौल तैयार किया जाएं, जिसमें छात्र सहज होकर विज्ञान संबंधी सवाल पूछ सकें। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को प्रायोगिक मासिक योजना, प्रयोगशाला संसाधनों, प्रेक्टिकल बेस लर्निंग और आंकलन से जोड़ने की दिशा में भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2025 सहित अन्य नीतियाँ लॉंच

## नई फिल्म टूरिज्म पॉलिसी और अधिक आकर्षक : प्रमुख सचिव श्री शुक्ला

### मध्यप्रदेश में सिनेमा फ्रेंडली लोग और वेरायटी ऑफ लोकेशन्स से फिल्मों का निर्माण आसान : अभिनेता आमिर खान





भोपाल (ए.)। वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (WAVES) 2025 में मध्यप्रदेश अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं के साथ वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बनाई। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता आमिर खान मध्यप्रदेश द्वारा तैयार किए गए "अतुलनीय मध्यप्रदेश" पेवेलियन पहुंचे। मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव आईटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे और प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने वेव्स में उनका स्वागत किया।

आमिर खान ने कहा कि मध्यप्रदेश के लोग सिनेमा फ्रेंडली हैं, जिससे कलाकारों के साथ-साथ फिल्म निर्माण में जुटी पूरी टीम को काम करने में सहजता और सरलता का अनुभव होता है। इसके अलावा मध्यप्रदेश में वेरायटी ऑफ लोकेशन्स हैं, खूबसूरती है, जिसकी वजह से फिल्म निर्माण के अलग-अलग दृश्यों को शूट करने में आसानी होती है। यह न केवल फिल्म के निर्माण की अवधि को कम करता है बल्कि बजट में भी कमी आती है। मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2025 की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के ग्रामीण परिवेश में बन रही फिल्में सिनेमा जगत में कमाल कर रही हैं। उन्होंने आगामी भविष्य में फिल्में प्रदेश में शूट करने की इच्छा जाहिर की। वे मध्यप्रदेश की नई एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी-2025 की विशेषताओं को जाना और सहभागिता करने के लिये उत्सुक नजर आए। प्रदेश में शूट हुई फिल्म लापता लेडीज को भारत की तरफ से आधिकारिक रूप से ऑस्कर पुरस्कार के भेजा गया था।

नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र (NMACC) में "डिजिटल सपनों और सिनेमाई दृष्टिकोण के साथ- मध्यप्रदेश—अगला रचनात्मक केंद्र" विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशिका सुश्री एकता कपूर, फिक्की एवीजीसी फोरम व एमसीसीआईए एनिमेशन एंड गेमिंग कमेटी के चेयरमैन आशीष एस. कुलकर्णी, अगस्त मीडिया ग्रुप के फाउंडर एवं सीईओ ज्योर्तिमय सहा, क्रिएटिव लैंड स्टूडियोज़ की सीईओ सुश्री शोभा सेंट, सुप्रसिद्ध लेखक और पत्रकार नमन रामचंद्रन, अभिनेता अमित सियाल और शरद केलकर की मौजूदगी में मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 और मध्यप्रदेश एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी AVGC-XR नीति 2025 को लॉन्च किया गया।

## भवन स्वामी दण्ड से बचने के लिये 31 दिसम्बर के पूर्व फायर प्लॉन प्रस्तुत करें

भोपाल (आरएनएस)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश में निश्चित ऊँचाई से बड़े भवनों में अग्नि दुर्घटना से बचाव के इंतजामों का निरीक्षण करने और नियमों की अनदेखी करने वाले भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से इस कार्य को प्राथमिकता दिये जाने के लिये कहा है।

प्रदेश में फायर सेफ्टी प्रमाण-पत्र प्राप्त किये जाने के संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देश के अनुसार भवन स्वामी अब 31 दिसम्बर, 2025 तक फायर प्लॉन प्रस्तुत कर संबंधित अग्निशमन प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर सकेंगे। नियत तिथि के बाद फायर प्लॉन प्रस्तुत नहीं करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध दण्ड के अधिरोपण की कार्रवाई नियत नियम के अनुसार की जायेगी।

निर्देशों में कहा गया है कि फायर सेफ्टी प्लॉन के कण्डिका क्रमांक-2 में उल्लेखित भवन, जो कि पूर्व से निर्मित हैं, उन्हें 2 माह के भीतर एनबीसी से निर्धारित मानक अनुसार फायर प्लॉन तैयार कर अनुमोदन के लिये अग्निशमन प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। निर्देश में यह भी बताया गया है कि अग्निशमन अधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्ति के एक माह के भीतर फायर प्लॉन का अनुमोदन किया जायेगा।

# भयंकर आंधी-तूफान में उड़ गए विवाह सम्मेलनों के टेंट, हनुमान चौराहे पर गिरा तोरण द्वार

गुना (ए.)। गुना शहर सहित जिले भर में सोमवार को आंधी-तूफान ने जमकर तांडव मचाया। ग्रामीण अंचलों में जारी विवाह सम्मेलनों में लगाए गए टेंट उड़ गए। हनुमान चौराहे पर तोरण द्वार धराशायी हो गए। वहीं, मैरिज गार्डनों में भी विवाह समारोह के दौरान अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

जिले में सोमवार दोपहर करीब 11.30 बजे तक धूप खिली हुई थी। लेकिन 12 बजते-बजते अचानक मौसम में बड़ी तब्दीली आई और अचानक तेज हवाएं चलना शुरू हुईं, जो धीरे-धीरे तूफान में बदल गईं। दोपहर तक पूरा बाजार खुल चुका था। लेकिन जैसे ही आंधी-तूफान सक्रिय हुआ दुकानदारों के बोर्ड सड़कों पर गिरने लगे। धूल भरी हवाएं चलने से वाहनों के पहिए थम गए। दुकानदार फुटपाथ पर रखा अपना सामान बचाने के लिए दौड़े। बाजार में आए ग्राहक भी अचानक यहां-वहां भागने लगे, ताकि आंधी और तूफान से बचा जा सके।

इसी बीच हनुमान चौराहे पर एक संगठन द्वारा लगाए गए तोरण द्वार धराशायी हो गए। कुछ पहले तक वाहनों की चहल-पहल से गुलजार रहने वाला हनुमान चौराहा, जयस्तम्भ चौराहे पर अचानक सन्नाटा पसर गया। लगभग आधा घंटे तक आधी और तूफान चलने के बाद अचानक बारिश होने लगी। तूफान और बारिश का सबसे ज्यादा असर जिले के ग्रामीण अंचलों में जारी विवाह सम्मेलनों में देखने को मिला। गुना से लगभग 12




किलोमीटर दूर नयागांव में लोधा-लोधी समाज के विवाह सम्मेलन के लिए लगाए गए टेंट आंधी से उड़ने लगे। कुछ इसी तरह के हालात महूगढ़ा में भी देखने को मिले।

### 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से चलीं हवाएं

मौसम में अचानक आए परिवर्तन के बाद शहर में तेज हवाएं चलने से खासा नुकसान हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, दोपहर के समय हवा की गति अलग-अलग दर्ज की गई। हवा की अधिकतम रफ्तार का अनुमान 50 से 60 किलोमीटर तक लगाया जा रहा है। इसके बाद भी रुक-रुककर हवा और आंधी का सिलसिला जारी रहा। दोपहर के समय भी बूंदाबांदी हुई।

### विवाह आयोजकों की बढ़ी मुसीबत

आंधी-तूफान की वजह से सोमवार को जिले भर में बड़ी संख्या में आयोजित विवाह आयोजन प्रभावित हुए। गुना के सभी निजी गार्डनों में खुले आसमान के नीचे ही टेंट लगाया जाता है। यहां वैवाहिक रस्मों के बीच हवा और आंधी चलने से अफरा-तफरी मची और मेहमानों को गार्डन परिसर में बने कमरों का आश्रय लेना पड़ा। वहीं मुसीबत उन लोगों की ज्यादा बढ़ गई, जिन्होंने विवाह कार्यक्रम अपनी गली-मोहल्लों में ही टेंट लगाकर आयोजित किए थे। आयोजक परिवार के लोग तमाम व्यवस्थाओं को छोड़कर टेंट सुरक्षित करने में जुट गए। लगभग दो घंटे तक चली हवा और तूफान ने विवाह का मजा किरकरा कर दिया। इधर मौसम विभाग ने बताया कि अगले चार दिन सिस्टम एक्टिव रहने की वजह से ओले बारिश के साथ तेज आंधी का दौर बना रहेगा। अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से अगले चार दिन तक झमाझम बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान आंधी, मेघगर्जन और बिजली चमकने का भी अनुमान है। इस दौरान 50 से 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। बताया गया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से निरंतर नमी आ रही है और प्रदेश में मौसम बदला हुआ है।



**प्रेग्नेंट महिला को लेने पहुंची एंबुलेंस टीम ने पेश की मिसाल, खराब रास्ता देख जो किया, लोग भी कह उठे 'वाह'**

छिंदवाडा (ए.)। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा 108 की टीम ने एक बार फिर अपनी जिम्मेदारी और सेवा भाव का उदाहरण पेश किया। शनिवार को टीम ने ग्राम एकलमासानी में एक गर्भवती महिला को खराब और कठिन रास्तों के बावजूद समय पर अस्पताल पहुंचाया और उसकी व उसके बच्चे की जान बचाई। यह घटना एक तरफ जहां इंसानियत की अच्छी मिसाल है, वहीं दूसरी ओर यह दिखाती है कि गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं अभी भी कितनी मुश्किल हालातों में काम कर रही हैं।

## तूफानी बारिश का कहर, शादी वाले घर में गिरी बिजली, मासूम की दर्दनाक मौत



सीहोर (ए.)। सीहोर जिले में तेज आंधी-तूफान और बारिश का असर दिख रहा है। रविवार रात 12 बजे से 2 बजे तक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिससे जनजीवन पर असर पड़ा। सीहोर शहर में बिजली भी चली गई और करीब दो घंटे तक पूरा शहर अंधेरे में डूबा रहा। इसी बीच बिलकिसगंज गांव में बिजली गिरने से एक शादी वाले घर में मासूम बच्चे की मौत हो गई।

पिछले तीन दिनों से मौसम बार-बार बदल रहा है। दोपहर में तेज गर्मी और लू चलती है, तो शाम को आंधी और हल्की बारिश हो रही है। कल शाम 6 बजे से मौसम बदला और रातभर रुक-रुककर बारिश होती रही। तेज हवाओं की वजह से कई पेड़ गिर गए और कई कच्चे मकानों की छतें उड़ गईं। शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर के अनुसार, यह स्थिति 7 मई तक बनी रह सकती है। उन्होंने बताया कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और ज्यादा तापमान की वजह से बारिश की संभावना बनी हुई है।

### आकाशीय बिजली गिरने से मासूम की मौत

सीहोर जिले के बिलकिसगंज के सागौनी गांव में शनिवार रात एक दुखद हादसा हो गया। गांव के सुनील धनगर की 11 साल की बेटी रितिका धनगर की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। परिवार में शादी की तैयारियाँ चल रही थीं और घर में खुशी का माहौल था।

रविवार शाम मौसम अचानक बिगड़ गया। तेज गरज और चमक के साथ हल्की बारिश शुरू हुई। रितिका घर के पास एक पेड़ के नीचे खड़ी थी, तभी उस पर बिजली गिर गई। वह तुरंत जमीन पर गिर पड़ी। कोई हरकत न देखकर परिवार वाले उसे जल्दी से बिलकिसगंज के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## अनूपपुर में गंदे नाले का पानी पीने को मजबूर बैगा, बूंद-बूंद के लिए कर रहे संघर्ष

अनूपपुर (ए.)। गर्मियों का मौसम आते ही अनूपपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। जहां पुष्पराजगढ़ विकास खंड के ग्राम पंचायत बोदा में निवासरत 50 बैगा ग्रामीणों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यहां पेयजल की इतनी भीषण समस्या है कि ग्रामीणों को सुबह से गांव से लगे हुए नाला जो कि लगभग सूख चुका है। लेकिन आज भी यहां नमी बनी हुई है और इसकी खुदाई करने पर पीने के लिए पानी उपलब्ध हो जाता है। जहां सुबह से ही ग्रामीण यहां पर पहुंच कर इसके खुदाई कार्य में जुट जाते हैं और कई घंटे तक इंतजार के बाद उसमें पानी भर जाने पर उसे पी रहे हैं।

## विदिशा स्टेशन पर औचक टिकट जांच, 251 यात्री पकड़े गए, 1.57 लाख का जुर्माना वसूला



विदिशा (ए.)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं अनियमित यात्राओं पर नियंत्रण हेतु विभिन्न प्रकार की जांच कार्वाईयां निरंतर की जा रही हैं।

इसी क्रम में पांच मई 2025 को विदिशा स्टेशन पर प्रातः 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक औचक टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस जांच का संचालन विकास सक्सेना, मुख्य टिकट निरीक्षक, भोपाल के नेतृत्व में 06 टिकट चेकिंग स्टॉफ के सहयोग से किया गया। आकस्मिक रूप से की गई इस जांच के दौरान यात्रियों के टिकटों की गहन जांच की गई, जिससे अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

इस अभियान के दौरान स्टेशन से होकर गुजरने वाली कुल 18 ट्रेनों के यात्रियों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करते पाए गए 109 यात्रियों से 87,550 की राशि वसूली गई। वहीं, अनुचित टिकट के साथ यात्रा करते पाए गए 142 यात्रियों से 69,530 बतौर किराया/जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार कुल 251 मामलों से 1,57,080 का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

## शादी का वादा कर पांच साल तक करता रहा शोषण, गर्भवती होने पर छोड़ा, युवती ने दर्ज कराया केस




माऊगंज (ए.)। मऊगंज थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने एक युवती को शादी का झांसा देकर पिछले पांच सालों से उसका शारीरिक शोषण किया। जब युवती गर्भवती हो गई तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। प्यार पर भरोसा कर अपना सब कुछ गंवा चुकी पीड़िता आखिरकार आधी रात को थाने पहुंची और युवक के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करवाई।

ये मामला साल 2020 से शुरू हुआ, जब एक युवक ने एक युवती को प्यार में फंसा लिया। उसने शादी का वादा किया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। साल 2024 में वो युवक युवती को गांव से भगाकर गुजरात ले गया। वहां दोनों साथ में रहने लगे।

इस दौरान युवक बार बार युवती का शारीरिक शोषण करता रहा और शादी की बात टालता रहा। जब युवती गर्भवती हुई, तो युवक ने शादी से साफ इनकार कर दिया और उसे अकेला छोड़कर भाग गया। इसके बाद पीड़िता ने हिम्मत दिखाई और मऊगंज थाने पहुंचकर पूरी बात पुलिस को बताई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### मऊगंज पुलिस ने जारी किया बयान

मऊगंज पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक पर दुष्कर्म, धोखाधड़ी और दूसरे आरोपों में केस दर्ज किया गया है। यह मामला भारतीय कानून की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल सहायता और सुरक्षा भी दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की पूरी निष्पक्ष जांच की जाएगी और पीड़िता को जरूर न्याय मिलेगा।

## व्यापार समाचार

## रेपो रेट को लेकर बड़ा कदम उठा सकता है आरबीआई

**- भविष्य में कर्ज लेना हो सकता है सस्ता**



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 में ब्याज दरों में अहम कटौती की संभावना है। एसबीआई की नई रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, इस साल मार्च तक महंगाई दरों में कमी से आर्थिक माहौल सुधर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी और अप्रैल 2025 में पहले ही 0.50 फीसदी कटौती हो चुकी है और जून और अगस्त 2025 में 75 बेसिस प्वाइंट की और कटौती संभव है। विदेशी मुद्रा में भी बदलाव की संभावना है। 2025 में रुपया डॉलर की तुलना में 85-87 प्रति डॉलर के दायरे में रह सकता है। अमेरिकी महंगाई में कमी और आयात टैरिफ से डॉलर पर दबाव पड़ सकता है। मार्च 2025 में अमेरिका की सीपीआई 2.4 फीसदी रही है और फेड की ओर से आगामी दो सत्रों में ब्याज दरें स्थिर रखने की संभावना है। भारत में महंगाई दर नियंत्रण में है और आर्थिक वृद्धि स्थिर दिख रही है। ऋब्ळ को इस संकेत के बावजूद ब्याज दरों में कटौती की दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। कुल मिलाकर आरबीआई की कटौती से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार की संभावना है, हालांकि इसका असर बैंकिंग सेक्टर पर भी पड़ेगा। भविष्य में कर्ज लेना सस्ता हो सकता है, वहीं बैंक जमा पर मिलने वाला ब्याज भी कम हो सकता है। यह अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

## वित्त मंत्री सीतारमण की एडीबी प्रमुख मसातो कांडा के साथ बैठक, इन मुद्दों पर हुई चर्चा




नई दिल्ली(ए.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार इटली के मिलान में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की। यह मुलाकात एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक के दौरान हुई। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'वित्त मंत्री सीतारमण ने इस बात को दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले आर्थिक विकास पर फोकस कर रहा है और अधिक से अधिक व्यापार करने में आसानी के लिए लगातार दिवालिया कानून (आईबीसी), कॉर्पोरेट कर की दर में कमी और जीएसटी क्रियान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्ससाहन (पीएलआई), राष्ट्रीय ढांचागत पाइपलाइन (एनआईपी), गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्ट अप इंडिया जैसी पहलों के जरिए अनुकूल नीति और पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है।'

सीतारमण ने इस बात पर जोर देकर कहा कि भारत एडीबी के लिए नए और नवाचारपूर्ण वित्तीय उत्पादों व मॉडल को अपनाने का एक बेहतर अवसर प्रदान करता है। (एडीबी प्रमुख) कांडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत भारत की विकास प्राथमिकताओं को लेकर एडीबी के पूर्ण समर्थन की बात कही।



## अडाणी की टीम ने ट्रंप एडमिन से की मुलाकात

**- 265 मिलियन डॉलर के रिश्वतखोरी से जुड़ा मामला हल होने की संभावना**

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बिजनेसमैन और अदाणी ग्रुप के मालिक गौतम अदाणी के प्रतिनिधियों ने हाल ही में अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य अदाणी पर लगे आरोपों को हटाने की संभावना के साथ, लगता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार यह बैठकें पर्याप्त राहत प्रदान कर सकती है, जिनमें अदाणी के नाम पर दर्ज आपराधिक आरोपों को समर्थित करने के लिए उद्येशियत हो।

## अल्ट्रोज के अपडेटेड वर्जन को लॉन्च करने की तैयारी



नई दिल्ली (ए.)। स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अपनी प्रीमियम हैचबैक अल्ट्रोज के अपडेटेड वर्जन को जल्द लॉन्च करेगी। यह कार क्लास-लीडिंग फीचर्स, आकर्षक डिजाइन और मल्टीपल पावरट्रेन ऑप्शन के साथ बाजार में दस्तक देने जा रही है।

लॉन्च से पहले कंपनी ने इसका टीजर वीडियो जारी किया है, जिसमें नए मॉडल की झलक दिखाई गई है। टाटा मोटर्स इसे 9 मई को अनवील करेगी और इसके एक्सटीरियर व इंटीरियर से पर्दा हटाया जाएगा। 20 मई तक यह डीलरशिप पर पहुंच जाएगी और 25 मई से इसकी टेस्ट ड्राइव शुरू होने की उम्मीद है, जबकि कीमत का ऐलान 22 मई को किया जाएगा। नई अल्ट्रोज को टाटा की अब तक की सबसे प्रीमियम हैचबैक के रूप में पेश किया जाएगा। इसके डिजाइन में बड़े बदलाव किए गए हैं, जिनमें नए ल्यूमिनेट एलईडी हेडलैंप, इनफिनिटी एलईडी टेल-लैंप और फ्लश डोर हैंडल शामिल हैं।

कार का इंटीरियर भी पूरी तरह नया होगा, जिसमें ग्रैंड प्रेस्टीजिया डैशबोर्ड, 10.25-इंच का हरमन टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, अल्ट्रा व्यू ट्विन एचडी डिजिटल कॉकपिट, 360 डिग्री एचडी कैमरा और वॉयस-एक्टिवेटेड इलेक्ट्रिक सनरूफ जैसी प्रीमियम खूबियां देखने को मिलेंगी। सेफ्टी के लिहाज से भी नई अल्ट्रोज में 5-स्टार एनकैप रेटिंग, मल्टीपल एयरबैग्स और अन्य एडवांस फीचर्स दिए जाने की संभावना है। यह कार पेट्रोल, डीजल और सीएनजी विकल्पों के साथ उपलब्ध होगी।

## सोने का भाव 93,249 पर, चांदी 94,049 रुपए प्रति किलो



नई दिल्ली (ए.)। विदेशी बाजार में कीमती धातुओं के मिलेजुले रुख के बीच देश के बाजारों में सोमवार को सोने की कीमतों में तेजी देखी जा रही है, वहीं चांदी की कीमतें नरम हुई हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना सोमवार को सुबह के सौदों के दौरान 0.49 प्रतिशत की उछाल के साथ 93,090 रुपये प्रति 10 ग्राम पर देखा गया। एमसीएक्स पर सोने की कीमतें 93,249 पर ऊपर की ओर खुलीं और खुलते ही कुछ ही मिनटों के भीतर 93,340 प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर को छू गईं। जानकारों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का यूएस-चीन टैरिफ पर यू-टर्न और यूएस फेड की मीटिंग से पहले यूएस फेड के चेयरमैन जेरोम पॉवेल पर नरम रुख का सोने की कीमत पर असर देखा जा रहा है। वहीं एमसीएक्स पर चांदी की कीमत में हालांकि 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई और यह 94,049 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार करती देखी गई है। इंडिया बुलियन एसोसिएशन (आईबीए) पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में सोने के भाव 93,210/10 ग्राम है। मुंबई में कीमत 93,290/10 ग्राम है। बेंगलुरू में सोने के भाव 93,440/10 ग्राम, चेन्नई में सोने का दाम 93,640/10 ग्राम है और कोलकाता में सोने का भाव 93,250/10 ग्राम है।

## टाटा ने लॉन्च की 'इनकम प्लस आर्बिट्रेज एक्टिव फंड ऑफ फंड' स्कीम

**- 5,000 रुपए से सब्सक्रिप्शन शुरू; कम जोखिम में बेहतर रिटर्न का मौका**

नई दिल्ली (ए.)। टाटा म्युचुअल फंड ने सोमवार को नया निवेश विकल्प पेश किया है। इस नए फंड का नाम टाटा इनकम प्लस आर्बिट्रेज एक्टिव फंड ऑफ फंड है। इस ऑपन-एंडेड फंड ऑफ फंड में निवेशक घरेलू म्युचुअल फंड्स के विभिन्न योजनाओं में निवेश कर सकते हैं। इस नई स्कीम का सब्सक्रिप्शन 5 मई से 19 मई तक में किया जा सकेगा, जबकि कंटिन्यू सेल और रिपरचेज के लिए 25 मई से फिर से खुलेगा। इस स्कीम में मिनिमम 5000 से निवेश करना शुरू किया जा सकता है और उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में आगे निवेश किया जा सकता है। इस स्कीम का बेंचमार्क क्रिसिल कॉम्पोजिट बॉन्ड इंडेक्स (60) और निफ्टी 50 आर्बिट्रेज टीआरआई (40) है। यह स्कीम किसी लॉक इन पीरियड के साथ आती है, लेकिन निवेशकों को एग्जिट लोड के नियमों का ध्यान रखने की जरूरत है। इस नई फंड ऑफर में, फंड मैनेजर बाजार की स्थिति और कारोबारी माहौल के अनुसार अलग-अलग म्युचुअल फंड योजनाओं में निवेश करेगा। इससे उन्हें निवेश पोर्टफोलियो को मिलाने और निवेश को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा।

## भारतीय शेयर बाजार बढ़त पर बंद



मुंबई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ ही बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान सभी सभी मुख्य सूचकांकों में तेजी दर्ज की गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 294.85 अंक करीब 0.37 फीसदी बढ़कर 80,796.84 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 114.45 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी बढ़कर 24,461.15 अंक पर बंद हुआ। आज लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 970 अंक करीब 1.81 फीसदी बढ़कर 54,675.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 168 अंक तकरीबन 1.02 फीसदी की बढ़त के साथ ही 16,609 पर बंद हुआ।

वाहन शेयरों में आज उछाल रहा। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.85 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। वहीं एफएमसीजी, मेटल, हेल्थकेयर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, फार्मा और मीडिया के शेयरों में भी सबसे अधिक उछाल रहा। निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स भी गिरावट पर बंद हुए। आज सबसे ज्यादा तेजी अदाणी ग्रुप के सभी शेयरों में दर्ज की गई। इसमें 11 प्रतिशत तक की तेजी रही।

## इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब का नया वैरिएंट जल्द होगा लांच



नई दिल्ली (ए.)। दोपहिया वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी अपने लोकप्रिय इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब का नया वैरिएंट उतारने की तैयारी में है। आईक्यूब ने ओला इलेक्ट्रिक जैसे दिग्गज ब्रांड को भी पीछे छोड़ दिया है। कंपनी अब इस स्कूटर की बढ़ती लोकप्रियता का फायदा उठाने के लिए फेस्टिव सीजन से पहले इसका एक नया मॉडल पेश कर सकती है। वर्तमान में टीवीएस भारत में आईक्यूब के पांच वैरिएंट बेचती है, जो अलग-अलग बैटरी पैक ऑप्शन के साथ उपलब्ध हैं। कंपनी का उद्देश्य नए वैरिएंट के जरिए अपने ईवी पोर्टफोलियो में कीमत का अंतर और विकल्प दोनों बढ़ाना है। कुछ समय पहले पेश किया गया एक कॉन्सेप्ट मॉडल, जो नॉर्दर्न लाइट्स से प्रेरित था, आने वाले नए वैरिएंट की झलक माना जा रहा है। इस कॉन्सेप्ट स्कूटर में चमकदार ब्लू पेंट और सफेद डिकल्स के साथ आकर्षक फेसिया डिजाइन देखने को मिला था। मौजूदा आईक्यूब की एक्स-शोरूम कीमत 1.04 लाख रुपये से शुरू होकर टॉप मॉडल के लिए 1.60 लाख रुपये तक जाती है। हालांकि, कंपनी ने भारत मोबिलिटी एक्सपो में इस कॉन्सेप्ट की तकनीकी डिटेल्स जैसे बैटरी और मोटर में हुए संभावित सुधारों का खुलासा नहीं किया था। इसके बावजूद उम्मीद जताई जा रही है कि नया वैरिएंट पहले से ज्यादा एडवांस्ड फीचर्स और बेहतर रेंज के साथ आ सकता है। अप्रैल 2025 में आईक्यूब की बिक्री 27,684 यूनिट रही, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 59 प्रतिशत ज्यादा है। टीवीएस और बजाज चेतक ने संयुक्त रूप से 10 लाख इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बिक्री का नया कीर्तिमान भी हाल ही में हासिल किया है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## वर्षों बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं

कॉमनवेल्थ घोटाले का मुकदमा भी ढह गया है। कहा जा सकता है कि जांच एजेंसियों और लेट-लतीफ न्याय व्यवस्था की खामी के कारण ऐसा हुआ है। मगर 15 साल बाद भी व्यवस्था नहीं सुधारी, तो उसके लिए दोषी कौन है कॉमनवेल्थ खेल घोटाले का मुकदमा भी ढह गया है। दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुकदमा बंद करने की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। यह कथित घोटाला उस कथानक का एक बड़ा पहलू था, जिसको लेकर 2010-11 में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन खड़ा किया गया। 2-जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाला, कोयला खदान आवंटन घोटाला और मुंबई की आदर्श हाउजिंग सोसायटी घोटाला इसके अन्य पहलू थे। तत्कालीन यूपीए सरकार ने उन सभी मामलों में कानूनी प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की। सत्ता पक्ष से जुड़े कई नेताओं को अपने पद छोड़ने पड़े। कुछ को जेल की हवा भी खानी पड़ी।जो नेता जेल गए, उनमें सुरेश कलमाडी भी थे, जो कॉमनवेल्थ खेलों के आयोजन में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका के कारण घेरे में आए थे। मगर तत्कालीन सरकार की कार्रवाइयों को अविश्वसनीय बताने का ऐसा जोरदार अभियान छेड़ा गया कि मनमोहन सिंह सरकार और कांग्रेस पार्टी की छवि खलनायक की बन गई। अन्ना आंदोलन और उसके गर्भ से निकली आम आदमी पार्टी उस आंदोलन के मूर्त रूप थे। लेकिन उसके पीछे बड़े सियासी और औद्योगिक हितों के हाथ की चर्चा तब से लेकर आज तक रही है। भारत के इतिहास में जब विवेकहीनता के मौजूदा माहौल की चर्चा होगी, तो इसकी जड़ों की तलाश उसी दौर में की जाएगी।तब भ्रष्टाचारियों को सरेआम फांसी पर लटकाने की मांग को लेकर उभारे गए जन उद्वेग ने आगे चल कर अन्य मसलों पर भी उसी तरह का माहौल बनाने का रास्ता साफ किया। जबकि न्यायिक धरातल पर उन कथित घोटालों से जुड़े एक के बाद एक मुकदमे ढहते चले गए। तब जिन्हें भ्रष्टाचारी मान लिया गया था, उनमें से ज्यादातर अब बरी हो गए हैं। कहा जा सकता है कि यह जांच एजेंसियों और लेट-लतीफ न्याय व्यवस्था की खामी है, जिससे इल्जाम साबित नहीं हो पाए। मगर मुद्दा यह है कि 15 साल बाद भी इस व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ और आरोपी बरी हो गए, तो उसके लिए दोषी कौन है? और उससे भी बड़ा सवाल यह है कि जो आक्रोश और उद्वेग उस समय दिखा, वह आज क्यों गायब हो गया है?



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने साइगॉन में वियतनाम के पोलित ब्यूरो सदस्य और पार्टी सचिव गुयेन वान नेन से मुलाकात की.

# न्यायपालिका की आलोचना मौजूदा राजनीतिक माहौल

**अजीत द्विवेदी**

न्यायिक सक्रियता की हमेशा आलोचना होती रही है। यह आम धारणा है कि सरकार कमजोर होती हैं तो न्यायपालिका सक्रिय हो जाती है और वह विधायिका व कार्यपालिका दोनों के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करती है या करने की कोशिश करती है। भारत में न्यायिक सक्रियता की सबसे तेज गूंज तभी सुनाई दी थी, जब देश में गठबंधन की सरकारों का दौर शुरू हुआ।आठवें दशक के आखिरी दिनों से लेकर समूचे नब्बे के दशक में भी न्यायपालिका खूब सक्रिय रही। अनायास नहीं है कि उसी दौर में जजों की नियुक्ति और तबादले का कॉलेजियम सिस्टम भी शुरू हुआ। उस समय सर्वोच्च अदालत के फैसलों से कई नीतियां तय हुईं। आरक्षण की सीमा तय करने से लेकर क्रीमी लेयर बनाने तक के सारे काम उसी दौर में हुए। तब भी न्यायपालिका की खूब आलोचना होती थी। लेकिन उस समय की आलोचना और अभी हो रही आलोचना में एक बुनियादी फर्क है। उस समय अदालतों के फैसले के गुणदोष पर ज्यादा चर्चा होती थी। हर फैसले को उसके गुणदोष की कसौटी पर कसा जाता था। आलोचना के लिए संवैधानिक तर्क दिए जाते थे। लेकिन अब आलोचना में बौद्धिक दरिद्रता झलकती है। अब फैसले के गुणदोष पर बात नहीं होती है और न फैसले को गलत साबित करने के लिए कोई संवैधानिक तर्क दिया जाता है। अब न्यायपालिका की आलोचना राजनीति में चलने वाले कुतर्कों से की जाती है।मिसाल के तौर पर तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधानसभा से पारित 10 विधायकों को लंबे समय तक लंबित रखने के मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जो आलोचना हो रही है उसमें इस फैसले को संवैधानिक प्रावधानों की कसौटी पर गलत साबित करने का एक भी तर्क नहीं दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अदालतें कानून बनाने लगेंगी तो संसद और विधानसभाओं में ताला लगा देना चाहिए। लेकिन क्या कोई बता सकता है कि अदालत ने कौन सा कानून बना दिया है? कानून तो बना हुआ है कि विधानसभा से पारित किसी भी विधेयक को राज्यपाल मंजूरी देंगे या वापस लौटाएंगे या राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजेंगे।

*अनायास नहीं है कि उसी दौर में जजों की नियुक्ति और तबादले का कॉलेजियम सिस्टम भी शुरू हुआ। उस समय सर्वोच्च अदालत के फैसलों से कई नीतियां तय हुईं। आरक्षण की सीमा तय करने से लेकर क्रीमी लेयर बनाने तक के सारे काम उसी दौर में हुए। तब भी न्यायपालिका की खूब आलोचना होती थी। लेकिन उस समय की आलोचना और अभी हो रही आलोचना में एक बुनियादी फर्क है। उस समय अदालतों के फैसले के गुणदोष पर ज्यादा चर्चा होती थी। हर फैसले को उसके गुणदोष की कसौटी पर कसा जाता था।*

यही तीन विकल्प हैं। कानून में यह भी लिखा हुआ है कि अगर राज्यपाल ने विधेयक लौटाया है और विधानसभा उसे दोबारा पारित करके भेजेगी तो अनिवार्य रूप से राज्यपाल को उस पर मंजूरी देनी होगी। यह सब संविधान में लिखा हुआ है। लेकिन इस कानून में एक लूपहोल खोज लिया गया कि इसमें यह नहीं लिखा गया है कि कितने समय में बिल को मंजूरी देनी है या कितने समय में लौटाना है। इस लूपहोल के आधार पर बिल तीन तीन साल लटका दिए गए। सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ इस संवैधानिक प्रावधान की व्याख्या की है और उसकी विसंगति को दूर किया है। सोचें, आमतौर पर कानून से बचने के लिए आरोपियों के वकील कानून के लूपहोल्स निकालते हैं। लेकिन जब संवैधानिक प्राधिकार लूपहोल्स का इस्तेमाल करने लगे तो क्या किया जाए!बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध करने वाले तमाम सांसदों, नेताओं, कथित बुद्धिजीवियों, यूट्यूबर्स आदि को पढ़ने और उनके वीडियो सुनने के बाद यह निष्कर्ष निकला है कि मेरिट पर भले फैसला सही हो लेकिन न्यायपालिका में बहुत कमियां हैं इसलिए उनका फैसला गलत है। फैसले का विरोध करने वाले 'विद्वानों' ने जो तर्क दिए, उनमें से कई बहुत दिलचस्प हैं। कहा गया, कॉलेजियम के जरिए जजों की नियुक्ति और तबादले होते हैं और इसमें भाई-भतीजावाद होता है, अमुक व्यक्ति को जमानत देने के लिए एक चीफ जस्टिस ने एक दिन में दो बार बेंच बदली, अमुक व्यक्ति के लिए छुट्टी के दिन बेंच बैठी, अमुक व्यक्ति के मामले में सुनवाई के लिए आधी रात को अदालत खुली, अमुक जज के यहां से नोटों के बंडल निकले लेकिन एफआईआर नहीं हुई, अदालतों में बहुत छुट्टियां होती हैं, अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं, जज महीनों तक फैसला सुरक्षित रख लेते हैं, जज अपनी संपत्ति का ब्योरा नहीं देते हैं आदि आदि।'विद्वानों' ने यह साबित किया है कि अदालतें अब भी कांग्रेस के हिसाब से चलती हैं क्योंकि कांग्रेस आजादी के समय से वकीलों की पार्टी रही है। यह भी कहा जा रहा है कि अमुक वकील के पिता भी किसी हाई कोर्ट के एडवोकेट जनरल थे या अमुक आरोपी के पिता कई बरसों तक अटॉर्नी जनरल रहे। सोचें, इसमें राज्यपाल और राष्ट्रपति पर दिए गए फैसले का पहलू कहां है? बौद्धिक दरिद्रता का आलम यह है कि न्यायपालिका की आलोचना के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरकार द्वारा किए गए पहले संविधान संशोधन की तरफदारी की जा रही है और यह भी याद दिलाया जा रहा है कि इंदिरा गांधी व राजीव गांधी ने हैसियत बता दी थी न्यायपालिका की।इस पूरी जमात का सबसे बड़ा बौद्धिक तर्क यह है कि देश के करोड़ों लोगों ने जिनको चुना है वे सबसे ऊपर हैं और काला कोट पहनने वाले दो या पांच लोग तय नहीं करेंगे कि देश के लिए क्या अच्छा है। यह एक धूर्ततापूर्ण तर्क है, जो संवैधानिक व्यवस्था की बजाय चुनी हुई सरकार की तानाशाही की तरफदारी करता है। अगर इस तर्क को मानें कि चुनी हुई सरकार सबसे ऊपर है और उसे ही यह तय करने का अधिकार है कि देश और उसकी जनता के लिए क्या अच्छा है तो फिर किसी भी मसले पर अदालतों के फैसलों की क्या जरुरत है? सोचें, यही कुपढ़ और अपढ़ लोग जो एक फैसले के लिए न्यायपालिका की बखिया उधेड़ रहे हैं उन्होंने उसी न्यायपालिका के कितने फैसलों का जश्न मनाया है! जब काला कोट पहनने वाले लोग कुछ भी तय नहीं कर सकते हैं तो फिर उनके फैसलों पर जश्न मनाने की क्या जरुरत है?

# श्रम, संयम के अभाव से उत्पन्न नैराश्य। जिजीविषा के साथ संघर्ष में सफलता।

**संजीव स्तंभकार,**

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी हैद्यमूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैद्यऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके।

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक

**ललित गर्ग**

'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ़ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं।

# आज का राशिफल



मेष राशि : आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आप अपने काम को जितनी मेहनत से करेंगे, उसी के अनुरूप उचित परिणाम भी हासिल होंगे।

वृष राशि : आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी। आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। कुछ राजनीतिक लोगों के साथ लाभदायक मुलाकात होगी। घर में धार्मिक कार्य करने की योजना बन सकती है।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लंबे समय तक स्वस्थ रहे। इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

कर्क राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल से बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे। आज आपके घर नन्हें मेहमान के आगमन का योग बन रहा है।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन खत्म होंगी। आज आप किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते।

कन्या राशि : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

तुला राशि : आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। आज नई स्किल सीखने का विचार कर सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचें। टूर-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

धनु राशि : आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है, आपका काम सरल तरीके से होता रहेगा। पारिवारिक और व्यक्तिगत गतिविधियों में उचित सामंजस्य बनाकर रखने में कामयाब रहेगी।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

कुंभ राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

मीन राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरूरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

# पहलगाम की घटना से सदमे में घाटी में लोग

हरिशंकर व्यास

कश्मीर घाटी और कश्मीरियों का बदलना आंखों देखा है। साक्षात आज सामने है! क्या किसी ने सपने में कभी सोचा कि पुराने श्रीनगर, डाउनटाऊन श्रीनगर में आतंकी घटना के विरोध में लोग दुकानें बंद रखेंगे! पर वैसा हुआ। कश्मीर में बंद रहा। लाल चौक में बंद और प्रदर्शन हुआ। घाटी में लोग यह खबर सुन सदमे में थे कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को मारा है!

खुद पहलगाम में अगले दिन मुख्य सड़क पर लोगों ने घटना के खिलाफ बड़ी संख्या में प्रर्दशन किया! कोई आश्चर्य नहीं जो कश्मीरियों की इस प्रतिक्रिया से वह संगठन भी घबरा गया, जिसने छूटते ही हमले की जिम्मेवारी ली थी। घाटी से भाग कर आए पर्यटकों ने लाइव बताया है कि हमले के बाद कश्मीरियों, मुसलमानों ने उनकी हर संभव मदद की। इंसानियत दिखलाई। बेरूखी, नफरत की बजाय दुख, पीड़ा और हमदर्दी की संवेदना में माना कि बहुत बुरा हुआ! ऐसे ही श्रीनगर के अखबारों, मीडिया ने घटना की निंदा और भर्त्सना में कमी नहीं दिखाई।

क्या यह धंधा चौपट होने के स्वार्थ में था? या प्रशासन-सरकार के दबाव में था? ऐसा यदि कुछ मानें भी तो पुराने श्रीनगर में दुकानों का शटडाउन होना, जामा मस्जिद में जुमे की नमाज में मीर वाइज का एक मिनट का मौन रखवाना और आतंकी हमले की भर्त्सना के क्या अर्थ हैं? मेरे लिए, शेष भारत के लिए यह सब अविश्नसनीय सा है।

दरअसल घाटी और घाटी के मुसलमानों की नीयत के साथ इस्लाम को ले कर हममें जैसी जो धारणा पैठी हुई है उसमें यह मानना, समझना आसान नहीं है कि जिंदगी की जरूरत भी जीना बदलवा सकती है। आबोहवा बदलवा सकती है।

घाटी व कश्मीरियों का बड़ा सत्य यह अनुभव है जो अनुच्छेद 370 हटने के बाद उन्होंने कुछ नया फील किया। लोगों की मनोदशा में, नई पीढ़ी, लड़के-लड़कियों, महिलाओं और उस पीढ़ी ने यह महसूस किया कि कुछ भी हो, अमन से सुकून की जिंदगी है। अमन है तो जिंदगी न केवल सामान्य और सहज होती है, बल्कि कमाई चौतरफा बढ़ती है।

आबोहवा बदलती है। शहर बदलता है। श्रीनगर, स्मार्ट सिटी होता है। घाटी की पैदावार की बिक्री से लेकर शिक्षा, परिवहन सबमें बेहतरी मुमकिन है। पर्यटकों का सैलाब आ सकता है। रोजगार और कमाई के अवसर बढ़ सकते हैं।

मेरा मानना है कि 1987 के धांधली वाले विधानसभा चुनावों से घाटी की बरबादी के शुरू सफर से बनी कश्मीरी इमेज में नया मोड़ बनवाने वाली तारीख पांच अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 का हटना था। अब दूसरा मोड़ 22 अप्रैल 2025 को कश्मीरियों की प्रतिक्रिया का है। पहलगाम की घटना ने कश्मीरियों में जुगुप्सा, आतंकियों के प्रति तटस्थता, नाराजगी या गुस्सा या असहमति कुछ भी बनाई हो वह अनहोनी बात है। और इसे गहराई से समझने की जरूरत है। उसी अनुसार सरकार और प्रशासन को घाटी में लोगों को संभालना, हैंडल करना चाहिए। पाकिस्तान से हमारी दुश्मनी, हिंदू बनाम मुस्लिम की राजनीति अपनी जगह चाहे जो पाले रखें लेकिन इसके तनाव और लड़ाई में घाटी की जमीनी मनोदशा को न समझना, उसकी केयर न करना, उसे पाकिस्तानी मनोदशा का मानना ढाक में तीन पात वाली स्थिति लौटाने वाली गलती होगी।

बेसिक दिक्कत मेरे, आपके और शेष भारत की घाटी और कश्मीरियों के प्रति बनी हुई धारणा और दिमाग में पैठी इमेज की है। यह अविश्वास है कि न कश्मीर बदला है और न कश्मीरी बदल सकते हैं। और अविश्वास का ताजा, खतरनाक बिंदु तब दिखा जब गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में सुरक्षा संबंधी बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को नहीं बैठाया! भला क्यों? क्या अब्दुल्ला और उनका परिवार भरोसेमंद नहीं है? क्या वे महज दिखावे के मुख्यमंत्री हैं? क्या वे आतंकियों के भेदिए, पाकिस्तानी एजेंट या अलगाववादी हैं? स्वतंत्र भारत का दुर्भाग्य है, गंवारपने और मूर्खताओं की इंतहां है जो आईबी, रॉ जैसी खुफिया एजेंसियों से देश का प्रधानमंत्री हो या गृह मंत्री या गृह मंत्रालय के कश्मीर डेस्क के अफसर असुरक्षाओं में ऐसे जीते हैं कि एक आईबी चीफ बीएन मलिक ने पंडित नेहरू के कान भर कर शेख अब्दुल्ला को बरखास्त करवाया तो 1984 में आईबी चीफ एमके नारायणन ने फारूक अब्दुल्ला को बरखास्त करवाया।

वही 2014 से मोदी सरकार को खुफिया प्रमुख अजित डोवाल घाटी के अब्दुल्ला और मेहबूबा को उसी निगाह, उसी समझ, उसी मनोवृत्त में समझाते हैं, जैसे उनके पूर्ववर्ती एमके नारायणन या बीएन मलिक समझाते थे।

दूसरे शब्दों में 1947 में भारत ने घाटी में जितने प्रयोग (सोचें, वीपी सिंह के समय मुफ्ती मोहम्मद देश के गृह मंत्री थे तो अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उमर अब्दुल्ला केंद्रीय मंत्री) किए हैं उस सबके अंत में ऐसी की तैसी दिल्ली की खुफियाई एजेंसियों द्वारा सत्तावान नेताओं के कान भरने, नेताओं को असुरक्षित बनाने, उनमें अविश्वास बनवाने तथा जमीनी लापरवाही व ढिलाई से बरबाद हुए हैं।

बेसिक बात है कि अगस्त 2019 के बाद घाटी में वह हुआ जो घाटी के लोगों ने पर्यटकों को नए-नए इलाकों में घूमाने का सिलसिला बनवाया। एक जानकार के अनुसार पर्यटकों के सैलाब से पहलगाम इलाके में चार सौ नई प्रॉपर्टी का निर्माण हो रहा है! भीड़ के कारण ही टूरिस्ट ऑपरेटरों या होटल वालों ने पहलगाम के अगल-बगल की छोटी घाटियों में पर्यटकों को घुमाना शुरू किया।

क्या यह बात आईबी, रॉ, सेना, बीएसएफ, पुलिस या तमाम खुफिया एजेंसियों को नहीं जाना हुआ होना था? पर किसी को पता नहीं था! और आतंकी मजे से बैसरन घाटी में आए और पर्यटकों को मारा।मेरा मानना है कि शेष भारत के पर्यटकों को समझ आया कि कश्मीर बदल गया है, घूमने लायक हो गया है। एयरलाइंस, होटल मालिकों, कश्मीरियों को भी समझ आया कि बदले कश्मीर के अवसरों को भुनाओ मगर भारत की खुफिया एजेंसियों को समझ नहीं आया! अफसरों को समझ नहीं आया कि कश्मीर नया होता हुआ है तो उसको नई जिम्मेवारी, नई समझदारी और नएपन के साथ संभाला जाए! ज्यादा चौकस हुआ जाए। पाकिस्तानी घुसपैठियों, आतंकियों पर अधिक सख्त नजर रहे!नए कश्मीर की पहली निर्वाचित सरकार और प्रादेशिक पार्टियों को भरोसे में ले कर उन्हें मोटिविट करें ताकि वे अपने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क रखें। राजनीतिक कार्यकर्ताओं के नेटवर्क और प्रशासनिक कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों तथा उनके मुखबिरों से सूचना लेने-देने का नया तंत्र बने। कश्मीर को किसी भी तरह का कोई अप्रत्याशित सदमा नहीं लगना चाहिए।



## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब : अमृतसर में आतंकी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब पुलिस ने आतंकी और आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान विजय मसीह, अग्रेज सिंह और इकबाल सिंह के रूप में हुई है, ये सभी तरनतारन के निवासी हैं। इनके तार ब्रिटेन स्थित गैंगस्टर धर्मप्रीत सिंह उर्फ धर्म संधू और तरनतारन के जस्सा पट्टी से जुड़े हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से 3 ग्लॉक पिस्तौल, 3 बेरेटा 30 बोर पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस (9 मिमी), 20 जिंदा कारतूस (30 बोर), 4 मोबाइल फोन और एक एक्टिवा स्कूटर बरामद किया है।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि ये तीनों अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों के साथ संपर्क में थे और अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल थे। पुलिस ने थाना लोपोके में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, ताकि इस नेटवर्क की पूरी जानकारी सामने आ सके।

पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तीन सहयोगियों विजय मसीह, अग्रेज सिंह और इकबाल सिंह, सभी तरनतारन के निवासी को गिरफ्तार किया है, जो ब्रिटेन स्थित गैंगस्टर धर्मप्रीत सिंह उर्फ धर्म संधू और तरनतारन के जस्सा पट्टी से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 3 ग्लॉक पिस्तौल, 3 बेरेटा 30 बोर पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस (9 मिमी), 20 जिंदा कारतूस (30 बोर), 4 मोबाइल फोन और 1 एक्टिवा स्कूटर बरामद किया है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि तीनों अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों के साथ सक्रिय संपर्क में हैं और अवैध हथियारों की आवाजाही में शामिल हैं। पुलिस थाना लोपोके में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। नेटवर्क की पूरी हद को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है। पंजाब पुलिस संगठित अपराध को खत्म करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नीट-यूजी 2025 में फर्जीवाड़ा : एटीएस और एसओजी इनपुट पर जयपुर पुलिस ने गिरोह का किया भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार

जयपुर (आरएनएस)। नीट-यूजी परीक्षा 2025 में फर्जीवाड़ा करने वाले एक संगठित गिरोह का जयपुर शहर (पश्चिम) पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। फर्जी दस्तावेज, डमी कैंडिडेट और तकनीकी उपकरणों की मदद से परीक्षा में अनुचित लाभ पहुंचाने की कोशिश को पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया। कार्रवाई में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से तीन ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरबड्स, फर्जी दस्तावेज, 50 हजार रुपए नकद और एक स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की गई है।

डीसीपी जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि नीट-यूजी परीक्षा 2025 का आयोजन 4 मई को दोपहर 2 से 5 बजे तक किया गया था। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए डीजीपी राजस्थान के निर्देश पर पूरे राज्य में संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। ATS और SOG से मिले इनपुट के आधार पर जयपुर पश्चिम जिले में विशेष टीमों का गठन किया गया।

### राजस्थान में दिखा पश्चिम विक्षोभ का असर, बारिश को लेकर अलर्ट जारी

जयपुर (आरएनएस)। देश के कई राज्यों में पश्चिम विक्षोभ का असर दिखाई दे रहा है। राजस्थान में सोमवार सुबह से ही तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। इस दौरान ब्यावर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद में मौसम का खास असर दिखाई दिया। सवेरे से ही तेज आंधी और अंधड़ के साथ बारिश शुरू हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आंधी, वज्रपात और मेघगर्जन को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है।

सोमवार की सुबह से ब्यावर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश हो रही है। अचानक हुई बारिश और तेज ठंडी हवा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बादलों की गर्जना के साथ रुक-रुक कर बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण आसपास के क्षेत्रों में बिजली कटौती की गई है। मौसम विभाग ने कई इलाकों में बारिश और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है।

### बर्गर न देने पर पत्नी ने काटा हाथ, हाई वोल्टेज ड्रामा का वीडियो वायरल, पति सलाखों के पीछे

बागपत (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के गौरीपुर में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पत्नी ने कथित तौर पर अपने पति को बर्गर देने से मना करने पर अपना हाथ काट लिया। इस घटना के बाद पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है, जबकि एक वायरल वीडियो ने पत्नी के आरोपों की पोल खोल दी है। जानकारी के अनुसार, बागपत कोतवाली क्षेत्र के गौरीपुर निवासी एक महिला ने अपने पति नदीम पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की। महिला ने आरोप लगाया कि पति द्वारा बर्गर न देने पर उसने उसके साथ मारपीट की, जिसके कारण उसे चोटें आईं। शिकायत के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला को चिकित्सालय में भर्ती कराया और पति नदीम को हिरासत में ले लिया। हालांकि, इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### पाकिस्तान बेशर्म है, अब समझाने का नहीं, सबक सिखाने का समय है'ओवैसी ने पाकिस्तान पर साधा निशाना

पटना , (आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (आरएसपी) के नेता व लोकसभा में मुंबई उत्तर पूर्वी सीट से निर्वाचित सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार में एक चुनावी रैली में पाकिस्तान पर तीखी टिप्पणियां कीं। उन्होंने पड़ोसी देश को बेशर्म और असफल करार देते हुए कहा कि उसकी हरकतों को अब नकारा नहीं जा सकता। ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान को बार-बार समझाने का समय खत्म हो गया है। अब उसे मुंहतोड़ जवाब देकर सबक सिखाना जरूरी है। पाकिस्तान के लोग सबूत मांग रहे हैं, पर वे खुद ही बेशर्म हैं।पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान से भेजे गए आतंकी मासूम नागरिकों की जान ले रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि ऐसे हमलों को रोकने के लिए सख्त सैन्य और कूटनीतिक कदम उठाए जाएं। पाकिस्तान कभी यह स्वीकार नहीं करेगा कि आतंक उसकी धरती से आकर हमले करते हैं। अगर हम समय रहते जवाब नहीं देंगे, तो हर दो या छह महीने में यही हत्याएं जारी रहेंगी, उन्होंने चेतावनी दी। ओवैसी की इस टिप्पणी को सुरक्षा और विदेश नीति के हलकों में विशेष ध्यान मिला है। विरोधी दलों ने भी सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील तेज कर दी है।

## दो आतंकी ठिकानों का खुलासा कराने वाले OGW का मिला शव, बचने के लिए नदी में कूद गया था इम्तियाज



जम्मू (ए.)। कुलगाम जिले के आदबाल वटू क्षेत्र में रविवार को एक आतंकी मददगार का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान इम्तियाज अहमद नगराय (23) निवासी तंगमार्ग के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने नाले से शव देखने के बाद पुलिस को सूचित किया।

पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पहले पूछताछ के दौरान इम्तियाज ने दो पाकिस्तानी आतंकियों के छिपने के ठिकाने के बारे में जानकारी दी थी। पुलिस से बचने के लिए वह नदी के रास्ते भागने की फिराक में था। उस पर ड्रोन से नजर रखी जा रही थी।

अधिकारियों के अनुसार, इम्तियाज तंगमार्ग जंगल में भी आतंकी ठिकाने के बारे में जानता था, जिसे सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मददगार इम्तियाज अहमद नगराय ऊंची जगह से लिए गए एक वीडियो में जंगल में कुछ देर तक घूमने के बाद अचानक चट्टानी नदी में कूदते हुए दिखा है। सूत्रों ने बताया कि उसे शनिवार को पुलिस ने हिरासत में लिया था।

सूत्रों ने बताया कि हिसारत में पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया था कि उसने कुलगाम के तंगमर्ग के जंगल में छिपे आतंकवादियों को भोजन और रसद मुहैया कराई थी। आरोपी ने सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के ठिकाने जानकारी भी दी थी।

सूत्रों ने बताया कि रविवार की सुबह, जब मैग्रे पुलिस और सेना की संयुक्त टीम के साथ ठिकाने पर छापा मारने जा रहा था, तो भागने के प्रयास में वह नदी में कूद गया। उसके भागने का क्षण भी कैमरे में कैद हो गया। जब उसने भागने का फैसला किया तो उसके आस-पास कोई नहीं था।

वीडियो में दिखाया गया है कि वह व्यक्ति तैरने की कोशिश कर रहा था, लेकिन तेज बहाव उसे बहा ले गया और वह डूब गया। पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया।

**सुरनकोट में आतंकी ठिकाना ध्वस्त**

सुरनकोट तहसील में रविवार देर रात सुरक्षाबलों ने जंगल में एक आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। आतंकी ठिकाने से एक आईईडी, दो रेडियो सेट और तीन कंबल बरामद हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, देर शाम सुरक्षाबलों ने एक विशिष्ट सूचना पर सुरनकोट तहसील के मरहोट इलाके में तलाशी अभियान चलाया था।



कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने कलपेट्टा में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र का दौरा किया और अधिकारियों से बातचीत की।

### भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा का मणिपुर दौरा; दो कुकी विधायकों से मिले, एक पर हुआ था हमला

इंफाल (ए.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्वोत्तर मामलों के प्रभारी संबित पात्रा ने सोमवार को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो कुकी विधायकों से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पात्रा इंफाल हवाई अड्डे पर उतरे और उसके बाद हेलिकॉप्टर से चुराचांदपुर पहुंचे। वहां उन्होंने थनलोन सीट से भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे से मुलाकात की, जो 4 मई 2023 को इंफाल में एक भीड़ के हमले से बच गए थे। इसके अलावा उन्होंने चुराचांदपुर विधायक एल.एम.खाऊटे और जोमी छात्र संघ (जेडएसएफ) के नेताओं से भी मुलाकात की।

## पीएम मोदी पर बरसे जयराम रमेश, कहा- किसानों की मदद करने से पहले महंगाई के बारे में सोचें



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की टिप्पणी का हवाला देते प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है। बता दें कि, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा था कि किसानों को सहायता करते समय महंगाई पर विचार करना चाहिए। इसके साथ ही धनखड़ ने अमेरिकी पैटर्न के आधार पर किसानों के लिए उर्वरक सब्सिडी में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) की वकालत भी की थी। उन्होंने मांग की थी कि विधायकों और सांसदों के वेतन की तरह किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करते समय महंगाई को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

**उपराष्ट्रपति धनखड़ की टिप्पणी**

ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसद और विधायक को वेतन बढ़ाने के समय महंगाई का ध्यान रखा। तो किसानों के लिए क्यों नहीं सोचा जाता किसानों को वित्तीय सहायता देने के समय भी महंगाई के बारे में सोचना चाहिए।

जयराम रमेश ने पूछा- मोदी ऐसा कब करेंगे ?

वहीं इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ग्वालियर में कल उपराष्ट्रपति ने कहा था कि पीएम मोदी सांसदों और विधायकों के वेतन बढ़ने के समय महंगाई का ध्यान रखते है, तो किसानों को वित्तीय सहायता देने के समय भी महंगाई के बारे में सोचना चाहिए। इस पर उन्होंने पूछा कि वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी ऐसा कब करेंगे ?

### महाराष्ट्र के रायगढ़ में 49 लोगों को लेकर जा रही बस पलटी; एक की मौत, 26 घायल

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक निजी लग्जरी बस के पलट गई। हादसे में एक 30 वर्षीय एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 26 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना करनाला में एक ढलान पर हुई, जब बस मुंबई से कोंकण क्षेत्र की ओर जा रही थी। इस दौरान चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई।

### बारिश से मौसम में बढ़ी ठंडक, दो दिन उत्तरकाशी में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट



देहरादून (ए.)। उत्तराखंड में इन दिनों मौसम बदला हुआ है। पहाड़ से मैदान तक बारिश ने मौसम में ठंडक बढ़ा दी है। वहीं, मौसम विभाग ने सात और आठ मई को उत्तरकाशी में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों में आज भी बिजली चमकने और ओलावृष्टि होने के साथ तेज दौर की बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मैदानी इलाकों में तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों की बात करें तो आठ मई तक प्रदेश में मौसम बदला रहेगा।

## शराब घोटाला मामलाः 'बिना सबूत के आरोप लगा रही एजेंसी...', सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को लगाई फटकार



नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को फटकार लगाई। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि एजेंसी बिना किसी सबूत के आरोप लगा रही है और यह एक चलन बन गया है।

जस्टिस अभय एस.ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच अरविंद सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कथित 2000 करोड़ रुपये के शराब घाटाल मामले में जमानत की मांग की थी। बेंच ने कहा, ईडी ने कई मामलों में यही तरीका अपनाया है। आप बिना किसी सबूत के केवल आरोप लगाते हैं। इस तरीके से अभियोजन पक्ष इस कोर्ट के सामने टिक नहीं पाएगा।

सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी.राजू ने आरोप लगाया कि अरविंद सिंह ने विकास अग्रवाल नाम के एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलीभगत करके 40 करोड़ रुपये कमाए। जब कोर्ट ने पूछा कि क्या अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है, तो राजू ने जवाब दिया कि वह फरार है। इस पर कोर्ट ने कहा, आपने स्पष्ट आरोप लगाया है कि उन्होंने (अरविंद सिंह) ने 40 करोड़ रुपये कमाए। अब आप इस व्यक्ति का इस कंपनी या किसी अन्य कंपनी के साथ संबंध नहीं दिखा पा रहे हैं। शीर्ष कोर्ट ने आगे कहा, आपको यह बताना चाहिए कि क्या वह उन कंपनियों के निदेशक हैं, क्या वह शेयरधारक हैं, क्या वह प्रबंध निदेशक हैं।

### तीन मदरसों पर चला बुलडोजर, दो मजार व एक ईदगाह को किया गया ध्वस्त



श्रावस्ती (ए.)। श्रावस्ती जिले में बगैर मान्यता संचालित मदरसों पर लगातार कार्रवाई जारी है। वहीं सरकारी भूमि पर बने मदरसों, मजारों व ईदगाहों पर बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है। इसी के क्रम में सोमवार को तीन मदरसा, दो मजार व एक ईदगाह को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही बगैर मान्यता संचालित 11 मदरसों को सील किया गया।

जमुनहा तहसील क्षेत्र के ग्राम कानी बोझी के मजरा प्रतापपुर स्थित सार्वजनिक भूमि पर मदरसा कंजुल ईमान लिल बनात मकतब व चंदन कोटिया में खलिहान की भूमि पर मदरसा अल जामिया तुल कादरिया मसउदूल उलूम संचालित किया जा रहा था। इसे जेसीबी लगाकर एसडीएम जमुनहा ने ध्वस्त करा दिया। वहीं भिनगा तहसील क्षेत्र अंतर्गत सिरसिया के ग्राम परसोहना में सार्वजनिक भूमि पर स्थित बाबा बांगभरी मजार व ईदगाह को ध्वस्त कराया गया।

## फोन पर पत्नी से बात करते-करते ट्रेन के आगे कूदा कबाड़ कारोबारी, मचा कोहराम

कानपुर (ए.)। गोविंदनगर थानाक्षेत्र में पत्नी से फोन पर बात करते-करते कबाड़ कारोबारी ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। वह घर से दवा लेने जाने की बात कहकर निकला था। हादसे की आवाज सुनकर पत्नी ने बेटों को तुरंत मौके पर भेजा जहां रेल ट्रैक किनारे शव पड़ा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। दबौली फर्स्ट निवासी बैजनाथ गुप्ता (64) कबाड़ कारोबारी थे।

परिवार में पत्नी आशा और तीन बेटे सनी, आकाश और विकास है। सनी जन सुविधा केंद्र चलाता है जबकि आकाश होजरी और विकास प्राइवेट काम करता है। विकास ने बताया कि कुछ समय से पिता के मुंह में घाव था, जिसके चलते वह काफी परेशान चल रहे थे। वह इंडस्ट्रियल एरिया में बैठने वाले डॉक्टर से दवा लेने की बात कहकर रविवार सुबह 10 बजे निकले थे। इसके बाद वह झांसी-कानपुर लाइन पहुंचे और मां आशा से फोन पर बात करते रहे। इस दौरान बात करते-करते ट्रेन के आगे कूद गए।

## राहुल गांधी बोले- 'ट्रंप को टैरिफ पर बातचीत का हक, भारत भी अच्छा सौदा करने में सक्षम'

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को टैरिफ (आयात शुल्क) को बदलने की बात कहने का पूरा हक है, और भारत भी उतना ही सक्षम है कि वह अपने हितों के हिसाब से अच्छी डील कर सके। राहुल गांधी ने ये बातें 21 अप्रैल को अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टिट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में एक संवाद सत्र के दौरान कही थीं। इस बातचीत का वीडियो शनिवार को वॉटसन इंस्टिट्यूट के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है।



**'भारत के पास स्केल और स्किल दोनों हैं'**

राहुल गांधी ने सोमवार को फेसबुक पर भी इस बातचीत का एक हिस्सा साझा किया और लिखा, 'भारत के पास स्केल (बड़ा आकार) और स्किल (कौशल) दोनों हैं। अब हमें एक साफ-सुथरी दिशा चाहिए — बनाने की, नेतृत्व करने की और दुनिया को यह दिखाने की कि लोकतंत्र और मैन्युफैक्चरिंग मिलकर भविष्य को ताकत देंगे। अब वक्त आ गया है कि हम संभावनाओं से आगे बढ़कर दिशा तय करें।'

'मजबूत उत्पादन प्रणाली तैयार करना भारत के सामने चुनौती'

राहुल गांधी ने कहा कि भारत के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह चीन की तरह एक मजबूत उत्पादन प्रणाली तैयार करे, जिससे मैन्युफैक्चरिंग बढ़े और रोजगार पैदा हों।

### हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद दौरे पर ममता; कहा- पीड़ित परिवारों को मुझसे मिलने नहीं दे रही भाजपा

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नहीं चाहती कि मैं पीड़ित परिवारों से मुलाकात करूं। इसलिए भाजपा ने दंगा प्रभावित परिवारों को अन्य स्थानों पर भेज दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ बाहरी लोग और धार्मिक नेता समुदायों के बीच हिंसा और दुश्मनी भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। जो लोग दंगे भड़का रहे हैं वे पश्चिम बंगाल के दुश्मन हैं। उन्हें सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के बजाय हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रयास करने चाहिए। ओडिशा में बंगाल के प्रवासी श्रमिकों पर हमले हो रहे हैं। यह निंदनीय है। केंद्र पर हमला बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि जब आप कुर्सी पर होते हैं तो आप लोगों को धार्मिक आधार पर नहीं बांट सकते।



भारतीय नौसेना का जहाज शारदा अपने पहले मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभ्यास के लिए मालदीव के माफिलाफुशी एटोल पहुंचा, जो 4 से 10 मई, 2025 तक चलेगा।

## 'ब्याज दो या पत्नी...', सुनते ही भड़क गया पति, हाथ-पैर बांधे और इलायची को मार डाला; चौंकाने वाली है कहानी

मुरादाबाद (ए.)। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है। ब्याज की रकम के बदले महिला को गिरवी रखने की बात पर पति ने ई- रिक्शा चालक हनीफ उर्फ इलायची की हत्या की थी। हत्या के आरोप में दंपती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

हसनपुर के मोहल्ला हिरवाला होलीवाला निवासी हनीफ उर्फ इलायची (70) परिवार से अलग रहता था। उसने पत्नी बच्चों को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। वह ई-रिक्शा चलाने के साथ ब्याज पर उधार रकम भी देता था।

शुक्रवार की सुबह हनीफ उर्फ इलायची का शव उसके ही कमरे में बेड के बॉक्स से बरामद हुआ था। उसके हाथ पैर बंधे हुए थे। घर में बाहर से ताला लगा था। अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी तो चौंकाने वाली कहानी सामने आई।

रविवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया



कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और सर्विलांस की मदद से इस हत्या में हसनपुर के ही रहने वाले शमशेर खां और उसकी पत्नी शाजमा को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस की पूछताछ में शमशेर खां ने बताया कि करीब चार माह पहले हनीफ उर्फ इलायची से 20 हजार रुपये ब्याज पर उधार लिए थे। बदले में अपनी बाइक गिरवी रखी थी। कुछ दिन बाद अपना और सामान गिरवी रखकर पांच हजार रुपये और भी ले लिए थे।

# मोनालिसा ने डीप नेक आउटफिट में बढ़ाया इंटरनेट का तापमान, फैंस बोले- खूबसूरती की मिसाल



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस मोनालिसा ने एक बार फिर अपने ग्लैमरस लुक से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह डीप नेक आउटफिट में कहर ढाती नजर आ रही हैं. हल्के नीले रंग की स्टाइलिश ड्रेस में मोनालिसा ने कैमरे के सामने बेहद आत्मविश्वास के साथ पोज दिया है. खुले बाल, हल्का मेकअप और कम से कम एक्सेसरीज़ के साथ उनका यह लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है.

पोस्ट के साथ मोनालिसा ने हार्ट इमोजी शेयर किया और उनके फैंस ने भी कमेंट सेक्शन में दिल खोलकर प्यार बरसाया. किसी ने उन्हें खूबसूरती की मिसाल बताया तो किसी ने फायर और हार्ट इमोजी के साथ उनकी तारीफ की.

मोनालिसा का ये नया अंदाज एक बार फिर यह साबित करता है कि वह अपने स्टाइल स्टेटमेंट से हर बार फैंस का दिल जीत लेती हैं. चाहे बात एथनिक वियर की हो या वेस्टर्न आउटफिट्स की, मोनालिसा हर लुक में बेमिसाल नजर आती हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो मोनालिसा कई भोजपुरी फिल्मों के अलावा टीवी इंडस्ट्री में भी अपने अभिनय का जलवा दिखा चुकी हैं और सोशल मीडिया पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है.

## सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होगी अजित कुमार की फिल्म गुड बैड अग्ली, 8 मई को नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम



तमिल सुपरस्टार अजित कुमार की फिल्म गुड बैड अग्ली हाल ही में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी। यह गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कलेक्शन नहीं कर सकी थी। फिल्म का निर्देशक अधीक रविचंद्रन ने किया है। फैंस को ये फिल्म भले ही पसंद आई हो, लेकिन व्यवसायिक रूप से यह सफल नहीं हो सकी थी। सिनेमाघरों के बाद अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। गुड बैड अग्ली के थिएट्रिकल राइट्स नेटफ्लिक्स के पास हैं। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 8 मई 2025 से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में देखी जा सकेगी। जिन दर्शकों ने सिनेमाघरों में यह फिल्म मिस कर दी, उनके लिए यह एक शानदार मौका है। फिल्म का थिएट्रिकल विंडो चार हफ्तों का रहा, जिसके बाद अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने वाले वाली है। फिल्म में अजित के साथ तृषा कृष्णन मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आई हैं। उनके अलावा अर्जुन दास, प्रिया प्रकाश वारियर, प्रभु, प्रसन्ना और शाइन टॉम चाको जैसे कलाकारों ने भी अहम किरदार निभाए हैं। मैत्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का संगीत जी वी प्रकाश कुमार ने दिया है।

# कोस्टाओ में काम करने पर बोलीं प्रिया बापट- नवाज के लिए हां कहा!

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म कोस्टाओ को दर्शकों की ओर से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। यह फिल्म 1 मई को ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्ट्रेस प्रिया बापट भी लीड रोल में नजर आईं। इस फिल्म को साइन करने पर एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म को करने का फैसला इसलिए लिया क्योंकि इसमें उन्हें नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे माने-जाने कलाकार के साथ काम करने का मौका मिल रहा था। यह उनके लिए बहुत बड़ी बात थी।

बापट फिल्म में मारिया नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो मजबूत इरादे वाली है।

प्रिया ने कहा कि वह नवाजुद्दीन की बड़ी फैन हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से नवाजुद्दीन सिद्दीकी के काम की फैन रही हूं। उनकी एक्टिंग में जो सच्चाई होती है, जो किरदार वो चुनते हैं, और अपने काम के प्रति उनका जो समर्पण होता है, वो बहुत ही प्रेरणादायक है। उनके साथ इतने करीब से काम करना, उन्हें पास से देखना और फिल्म में उनकी पत्नी का किरदार निभाना... इन सब से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, फिल्म के सेट पर सभी ने बहुत ईमानदारी से काम किया, कोई दिखावा



या शेखी बघारने वाली जैसी बात नहीं थी। इस माहौल ने मेरे प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद की। मैं हमारी डायरेक्टर सेजल मैम और पूरी टीम को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मुझे यह बेहतरीन मौका दिया।

कोस्टाओ एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी कोस्टाओ फर्नांडिस नाम के शख्स का किरदार निभा रहे हैं, जो एक ईमानदार अफसर है। लेकिन, कत्ल के इल्जाम में उसे फंसा दिया जाता है। फिल्म में उनकी बेटी कहानी सुनाती है। फिल्म की निर्देशक सेजल शाह और निर्माता विनोद भानुशाली हैं, जिन्होंने सिर्फ एक बंदा काफी है और मैं अटल हूं जैसी फिल्में बनाई हैं।

फिल्म में नवाजुद्दीन और प्रिया बापट के अलावा, किशोर कुमार जी, हुसैन दलाल, रोहित तिवारी और गगन देव रियार जैसे कलाकार हैं।

बापट ने अवॉर्ड विनिंग फिल्म डॉ बाबासाहेब अंबेडकर से डेब्यू किया था। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। वह 2003 में संजय दत्त और राजकुमार हिरानी की फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में नजर आईं। उन्होंने फिल्म में सपोर्टिंग रोल किया था।

वह मराठी फिल्म काकस्पर्श, आमही दोगी और हैप्पी जर्नी जैसी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। 2009 में रिलीज हुई फिल्म मी शिवाजीराजे भोसले बोलतोय में उन्होंने शशिकला भोसले की भूमिका निभाई, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया।

# अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म का पहला गाना लाल परी रिलीज, यो यो हनी सिंह के बीट्स पर थिरके सितारे

बॉलीवुड की सबसे मशहूर कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'हाउसफुल 5' का पहला गाना 'लाल परी' निर्माताओं द्वारा रिलीज कर दिया गया। फिल्म के टीजर रिलीज के बाद से ही इससे जुड़ी अपडेट का फैंस इंतजार कर रहे थे। गाने ने प्रशंसकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। अब उन्हें इसके ट्रेलर और सिनेमाघरों में इसके रिलीज का इंतजार है।

इस गाने के बोल हनी सिंह और अल्फाज ने लिखे हैं और इसे हनी सिंह और सिमर कौर ने मिलकर गाया है। गाने का म्यूजिक भी हनी सिंह ने ही दिया है। निर्माताओं ने अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर गाना रिलीज किया है। रिलीज के आधे घंटे में ही इसे लाखों व्यूज मिल चुके हैं।

टीजर में इस बार अक्षय कुमार और रितेश देशमुख समेत फिल्म में 18 कलाकारों की टोली नजर आएगी। टीजर में इन सभी को इंट्रोड्यूस कराया गया है, जिसमें अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, डिनो मोरिया, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपदे, निकितिन धीर, रंजीत, आकाशदीप साबिर, जैकलीन फर्नांडीज, नर्गिस फाखरी, चित्रांगदा



सिंह और सौंदर्या शर्मा मौजूद हैं। इस बार फिल्म में सिर्फ हंसी-मजाक ही नहीं, बल्कि एक मर्डर मिस्ट्री का रोमांच भी होगा।

'हाउसफुल 5' में इस बार दर्शकों को सिर्फ कॉमेडी ही नहीं, बल्कि उसके साथ मर्डर मिस्ट्री भी देखने को मिलेगी। फिल्म की कहानी एक क्रूज शिप पर आधारित है, टीजर से संकेत मिलता है कि क्रूज पर मौजूद हर किरदार इस मर्डर का संदिग्ध हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक संजय दत्त और जैकी श्रॉफ पुलिस अधिकारियों की भूमिका में नजर आ सकते हैं जो इस गुत्थी को सुलझाने की कोशिश करेंगे। हालांकि, फिल्म के पहले गाने में अक्षय कुमार को चतुराई से सभी का हाथ चेक करते हुए भी देखा जा सकता है।

टीजर के साथ ही फिल्म के रिलीज की भी घोषणा कर दी गई है। फिल्म साजिद नाडियाडवाला की कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है। साजिद इस फ्रेंचाइजी के साथ शुरू से जुड़े रहे हैं और हर बार दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आए हैं। फिल्म का निर्देशन तरुण मानसुखानी ने किया है, जिन्हें 'दोस्ताना' के लिए जाना जाता है। यह फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## जैकलीन फर्नांडिस की नई वेब सीरीज है जुनून का ऐलान, 17 मई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी

पिछली बार अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस फिल्म फतेह में नजर आई थी, जिसमें उनकी अदाकारी की तो खूब तारीफ हुई। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। इसमें जैकलीन के साथ सोनू सूद नजर आए थे।



अब जैकलीन ने अपनी नई वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम है जुनून है। इसमें जैकलीन की जोड़ी पहली बार नील नितिन मुकेश के साथ बनी है।

दिग्गज अभिनेता बोमन ईरानी भी इस सीरीज का हिस्सा हैं।

है जुनून की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह सीरीज 17 मई, 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

निर्माताओं ने इसकी पुष्टि करते हुए लिखा, जिद्द और जुनून की जंग में केवल महानतम ही जीतेगा।

## सुस्वागतम खुशामदीद का नया गाना बन पिया रिलीज, पुलकित-इसाबेल की केमिस्ट्री ने लूटी महफिल



अर्मान मलिक, ध्वनि भानुशाली, अमोल श्रीवास्तव और अभिषेक टैलेंटेड की मधुर आवाज़ों से सजे इस गीत में अमोल-अभिषेक का जीवंत संगीत और अभिषेक टैलेंटेड के लिखे चटपटे बोल एक खुशनुमा और उत्सवमय माहौल रचते हैं, जो दिल को तुरंत छू लेता है। मशहूर कोरियोग्राफर गणेश आचार्य द्वारा नृत्यबद्ध किए गए इस गीत में जोशीले कदमों और रंग-बिरंगे भव्य दृश्यों का शानदार मेल देखने को मिलता है, जो फिल्म की युवा ऊर्जा को बखूबी दर्शाता है।

बन पिया में पहली बार पुलकित और इसाबेल की चमकती केमिस्ट्री देखने को मिलती है, जो रंग-बिरंगे और उल्लासपूर्ण परिवेश में खिलती है- एक चुलबुला रोमांस जो फिल्म के प्रेम और एकता के संदेश को सुंदरता से प्रतिबिंबित करता है।

गीत के बारे में बात करते हुए निर्देशक धीरज कुमार ने कहा, बन पिया केवल एक गीत नहीं है, यह हमारी फिल्म की उत्सवमय और जीवंत आत्मा है। पुलकित और इसाबेल ने इसमें अद्भुत ऊर्जा और ताजगी भर दी। हम चाहते थे कि यह गीत संस्कृतियों के संगम का सच्चा उत्सव बने, और मुझे खुशी है कि यह वैसा ही बन पाया है। हमने इस गीत को बहुत बड़े पैमाने पर फिल्माया है। यह गीत मेरी फिल्म की आत्मा है और मुझे विश्वास है कि यह फिल्म की कहानी के आगे के सफर की सही शुरुआत करेगा।

कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने भी अपनी खुशी जताते हुए कहा, 'बन पिया' को कोरियोग्राफ करना एक जबरदस्त अनुभव रहा! हम चाहते थे कि डांस गीत की उत्सवमय और ऊर्जा से भरपूर भावना के अनुरूप हो। पुलकित और इसाबेल की केमिस्ट्री कमाल की थी, और हमने इस गीत को बड़े भव्य पैमाने पर शूट किया ताकि फिल्म की जश्न जैसी आत्मा को पूरी तरह दर्शाया जा सके।

## रेड 2 ने बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन भी किया कमाल, द भूतनी का काम-तमाम

अजय देवगन की फिल्म रेड 2 दर्शकों को खूब भा रही है, जिसका नतीजा इसकी कमाई में साफ नजर आ रहा है। बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग लेने के बाद इसने दूसरे दिन भी धमाका किया। रिलीज के दूसरे दिन भी इसने ताबड़तोड़ कमाई की।

उधर रेड 2 के साथ सिनेमाघरों में आई संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का 2 ही दिन में टिकट खिड़की पर दम निकल चुका है।

आइए सिनेमाघरों में लगीं सभी फिल्मों का हाल जानें।

बॉक्स ऑफिस आंकड़ों का ब्यौरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, रेड 2 ने 2 दिन में शानदार कमाई कर डाली है।

पहले दिन एडवांस बुकिंग की बदौलत जहां रेड 2 ने 19.25 करोड़ रुपये कमाए, वहीं दूसरे दिन यानी शुक्रवार को 11.75 करोड़ की कमाई की शानदार कमाई की यानी केवल 2 दिनों में भारत में इस फिल्म का कारोबार 31 करोड़ के करीब जा पहुंचा है।

## अगर आप भी कर रहे हैं खाने में सूरजमुखी तेल का इस्तेमाल तो रुकिए! दिल की बीमारी से लेकर हाई ब्लड प्रेशर का बन सकता है कारण



हम जो भी खाना खाते हैं, उसका सीधा असर हमारे दिल की सेहत पर पड़ता है. खासकर तेल और वसा का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है. गलत तेल का सेवन कोलेस्ट्रॉल बढ़ा सकता है, धमनियों को ब्लॉक कर सकता है और दिल के दौरे का खतरा बढ़ा सकता है. इसलिए, सही तेल का चुनाव करना हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है. अगर आप अपने खाने में सूरजमुखी के तेल का इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको इस तेल के बारे में हुई नई रिसर्च के बारे में जानना चाहिए.

सूरजमुखी तेल को आमतौर पर एक स्वस्थ खाना पकाने के विकल्प के रूप में प्रचारित किया जाता है, क्योंकि इसमें बहुत अधिक पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड होता है. लेकिन हाल के शोध बताते हैं कि लंबे समय तक इसका सेवन हृदय स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, खासकर जब इसे रिफाइंड या उच्च तापमान पर गर्म किया जाता है.

**सूरजमुखी के तेल के नुकसान**

1. हृदय रोगों का बढ़ता जोखिम

सूरजमुखी तेल में ओमेगा-6 फैटी एसिड की उच्च मात्रा होती है. हालांकि, शरीर को ओमेगा-6 की जरूरत होती है, लेकिन अधिक मात्रा में इसका सेवन शरीर में सूजन को बढ़ा सकता है.

ओमेगा-6 फैटी एसिड से शरीर में प्रो-इंफ्लेमेटरी कंपाउंड्स बनते हैं, जो हृदय की धमनियों को संकरा कर सकते हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ा सकते हैं. जब सूरजमुखी तेल को गर्म किया जाता है, तो इसके ऑक्सीडेटिव बायप्रोडक्ट्स रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है. लंबे समय तक अधिक सेवन से धमनियों में रुकावट और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

**2. हानिकारक केमिकल**

जब सूरजमुखी तेल को बार-बार गर्म किया जाता है (जैसे डीप फ्राई करने के लिए), तो इसमें खतरनाक रासायनिक यौगिक उत्पन्न होते हैं, जैसे- अल्डिहाइड्स जो मस्तिष्क और हृदय को नुकसान पहुंचा सकते हैं. हाइड्रोपरॉक्साइड्स - जो कोशिकाओं और डीएनए को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं. ऐसा अन्य तेलों में भी होता है. इसलिए एक ही तेल को बार-बार इस्तेमाल न करें.

**3. ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और पोषक तत्वों की हानि**

* सूरजमुखी तेल का पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड कंटेंट इसे जल्दी ऑक्सीडेशन के लिए संवेदनशील बनाता है.

* ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से दिल की बीमारियां बढ़ सकती हैं. इसके अलावा त्वचा और शरीर की कोशिकाओं की उम्र जल्दी बढ़ सकती है. इससे मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है.

* सूरजमुखी तेल पूरी तरह से खराब नहीं है, लेकिन इसे अधिक मात्रा में और गलत तरीके से सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है. अत्यधिक गर्म करने, बार-बार तलने, और अधिक मात्रा में उपयोग करने से यह हृदय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन सकता है.

**स्वस्थ हृदय के लिए बेहतर विकल्प**

जैतून का तेल, नारियल तेल, सरसों का तेल, देसी घी

याद रखें कि सही तेल और कम तेल बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है.

# डिजिटल डिटॉक्स क्या है? जानिए इसे अपनाने के फायदे



डिजिटल डिटॉक्स एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें हम अपने डिजिटल उपकरणों से कुछ समय के लिए दूर रहते हैं। यह हमें तकनीक के प्रभाव से मुक्त होकर असली जीवन का आनंद लेने का मौका देता है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम जितना समय स्क्रीन के सामने बिताते हैं, उतना ही जरूरी है कि हम उसे थोड़ा कम करें।

आइए जानते हैं कि डिजिटल डिटॉक्स के क्या-क्या फायदे हैं।

**मानसिक स्वास्थ्य में होगा सुधार**

डिजिटल डिटॉक्स हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है।

जब हम अपने मोबाइल फोन, कंप्यूटर या टीवी से दूर रहते हैं तो हमें तनाव और चिंता कम होती है। इससे हमारा मन शांत रहता है और हम बेहतर तरीके से सोच पाते हैं।

इसके अलावा यह हमें ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है और हमारी सोचने की क्षमता को बढ़ाता है। इससे हमारी मानसिक ताजगी भी बढ़ती है और हम अधिक सकारात्मक महसूस करते हैं।

**नींद की गुणवत्ता में सुधार**

डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने से हमारी नींद पर बुरा असर पड़ता है।

रात को सोते समय मोबाइल फोन या कंप्यूटर का इस्तेमाल करने से आंखों की रोशनी प्रभावित होती है और नींद नहीं आती है। डिजिटल डिटॉक्स करने से हमारी नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। हम गहरी नींद ले पाते हैं और सुबह ताजगी महसूस होती है। इसके अलावा यह प्रक्रिया हमें दिनभर की थकान से राहत दिलाती है और हमारे शरीर को आराम मिलता है।

**मजबूत होते हैं सामाजिक संबंध**

डिजिटल डिटॉक्स करने से हमारे सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं।

जब हम तकनीकी उपकरणों से दूर रहते हैं तो हमें अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलता है। इससे हमारे रिश्ते बेहतर होते हैं और हम एक-दूसरे के करीब आते हैं।

इसके अलावा यह हमें असली बातचीत करने का मौका देता है, जिससे हमारी समझ और सहानुभूति बढ़ती है।

डिजिटल डिटॉक्स से हम अपने प्रियजनों के साथ अधिक समय बिता पाते हैं।

शारीरिक स्वास्थ्य में होता है सुधार

डिजिटल डिटॉक्स करने से हमारा शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है।

जब हम तकनीकी उपकरणों से दूर रहते हैं तो हमें अधिक चलने-फिरने का मौका मिलता है। इससे हमारी शारीरिक ताकत बढ़ती है और वजन नियंत्रित रहता है।

इसके अलावा यह प्रक्रिया हमें स्वस्थ आहार अपनाने का प्रेरणा देती है, जिससे हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

डिजिटल डिटॉक्स से हम अपने शरीर को आराम देते हैं और ताजगी महसूस करते हैं।

**बढ़ती है रचनात्मकता**

डिजिटल डिटॉक्स करने से हमारी रचनात्मकता बढ़ती है। जब हम तकनीकी उपकरणों से दूर रहते हैं तो हमें नई चीजें सीखने और बनाने का समय मिलता है। इससे हमारी सोचने की क्षमता बढ़ती है और हम नए विचारों पर काम कर पाते हैं।

इसके अलावा यह प्रक्रिया हमें ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है, जिससे हमारी रचनात्मकता को नया मुकाम मिलता है।

# MOHAMMED SHAMI को मिली जान से मारने की धमकी, ईमेल भेजकर क्रिकेटर से की ये डिमांड



नई दिल्ली (आरएनएस) । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें बीते रविवार (4 मई) को एक ईमेल प्राप्त हुआ है, जिसमें उनसे एक करोड़ रुपये की बड़ी रकम की मांग की गई है। ईमेल में चेतावनी दी गई है कि यदि यह राशि नहीं दी गई तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। इस गंभीर मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है और जांच शुरू कर दी है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, धमकी भरे इस ईमेल में साफ शब्दों में एक करोड़ रुपये की मांग की गई है और रकम न देने पर सीधे तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह ईमेल 'राजपुत सिंधर' नाम के एक हैंडल से भेजा गया है, जिसमें भेजने वाले का नाम प्रभाकर बताया गया है। यह ईमेल रविवार को दोपहर 2-3 बजे के आसपास प्राप्त हुआ था।मोहम्मद शमी के भाई मोहम्मद हसीब ने ईमेल देखने के बाद तत्काल इस मामले की गंभीरता को समझते हुए अमरोहा के पुलिस अधीक्षक (SP) को इसकी सूचना दी। मोहम्मद हसीब ने इस संबंध में अमरोहा पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद अमरोहा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए साइबर सेल में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को ईमेल के जरिए भेजी गई इस जानलेवा धमकी के मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस ईमेल भेजने वाले की असली पहचान और उसके पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रही है।गौरतलब है कि मोहम्मद शमी इस समय इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में खेल रहे हैं और सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी इसी तरह के धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं। मोहम्मद शमी ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद हुई सर्जरी के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी के जरिए भारतीय टीम में वापसी की थी। चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच मैचों में 9 विकेट लिए थे और वह भारत के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया था।

# मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला आज

## 7:30 बजे शुरू होगा मैच

मुम्बई (आरएनएस) । आईपीएल में मंगलवार को मुंबई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस का मुकाबला करेगी। इस मैच में घरेलू मैदान होने के कारण मुम्बई का पलड़ा भारी रहेगा। अंकतालिक में




शीर्ष टीमों में शामिल होने के कारण दोनो ही टीमें इस मैच में जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेंगी। इस मैच में शुभमन गिल की गुजरात टाइटंस के लिए मुम्बई के गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना आसान नहीं होगा। मुम्बई के पास जसजीत बुमराह , ट्रेंट बोल्ट जैसे तेज गेंदबाज है। इसके अलावा हार्दिक पंड्या और दीपक चाहर का भी उन्हें मुकाबला करना होगा।

वहीं गुजरात की टीम के पास साइ सुदर्शन जैसा बैल्लेबाज है। सुदर्शन ने इस सत्र में 504 रन बनाये हैं। इसके अलावा उसके पास जोस बटलर कप्तान गिल जैसे बल्लेबाज है । इन दोनो ने ही 400 से अधिक रन बनाये हैं।

अंक तालिका में तीसरे नंबर पर चल रही मुंबई की टीम ने इस सत्र में खराब शुयआत के बाद अच्छी वापसी की है। इससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसके प्रमुख बल्लेबाज रोहित शर्मा ने भी लय हासिल कर ली है। इसके अलावा टीम के पास सूर्यकुमार यादव जैसा टी20 का नंबर एक बल्लेबाज हैं। सूर्या का बल्ला इस सत्र में जमकर चला है।

# पंजाब ने लखनऊ को 37 रनों से हराया, प्रभसिमरन और अर्शदीप ने किया धमाकेदार प्रदर्शन

धर्मशाला, (आरएनएस) । पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को आईपीएल 2025 का 54वां में 37 रनों से हरा दिया है. धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जलवा देखने के लिए मिला.अर्शदीप ने नई गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन किया, स्विंग और बाउंस के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया. इस जीत के साथ पंजाब किंग्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है.

इस मैच में प्रभसिमरन सिंह के शानदार 91 रन की बदौलत पीबीकेएस ने 236/5 का विशाल स्कोर बनाया जिसके बाद अर्शदीप ने पावरप्ले के अंदर एडेन मार्कराम, मिशेल मार्श और निकोलस पूरन को आउट कर मैच को पीबीकेएस के पक्ष में कर दिया. लखनऊ के लिए आयुष बदोनी ने 40 गेंदों पर 5 चौके और 5 छक्कों के साथ 74 रन और अब्दुल समद ने 24 बॉल में 2 चौके और 4 छक्कों के साथ छठे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की लेकिन एलएसजी 20 ओवर में 199/7 बना पाई और 37 रनों से मैच हार गई.

लखनऊ के लिए कप्तान ऋषभ पंत ने 17 गेंदों पर 18 रन की पारी में तीन चौके लगाए. अजमतुल्लाह उमरजई ने उन्हें आठवें ओवर में गेंद को डीप कवर ने आसानी से कैच कर लिया. डेविड मिलर के रूप में उमरजई को अपना दूसरा विकेट मिला. पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिए और अज़्मतुल्लाह उमरज़ई ने 2 विकेट चटकाए. इससे पहले पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 48 बॉल में 6 चौके और 7 छक्कों के साथ 91 रनों की पारी खेली. कप्तान अय्यर ने 25 बॉल में 4 चौके और 2 छक्के के साथ 45 रन बनाए. जोस इंग्लिस ने 30 और शशांक सिंह ने 33 रनों का योगदान दिया. लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी और आकाश सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए. लखनऊ की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवर में 145 रनों पर 5 विकेट गंवा चुकी है.

# ऋषभ के अजीब शॉट को लेकर उठ रहे सवाल

नई दिल्ली (ए.)। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत (आईपीएल) के 18 वें सत्र में पूरी तरह से विफल रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भी वह 18 रनों पर ही पेवेलियन लौट गये। इस मैच में जिस प्रकार से ऋषभ जिस प्रकार अजीब तरह से आउट हुए उसपर सवाल उठ रहे हैं। इसका एक विडियो भी वायरल हुआ है। इसमें ऋषभ ने जब शॉट लगाया तो उनका बल्ला हवा में उड़ता दिखा।



ऋषभ कवर के ऊपर से गेंद को मारने के प्रयास में पूरी तरह से असफल रहे और गेंद सही से बल्ले पर नहीं आयी। उनका बल्ला हाथ से फिसल गया और हवा में लहराता हुआ काफी दूर जा गिरा। बल्ला स्क्वायर-लेग की तरफ उड़ गया जबकि गेंद सीधे स्वीपर कवर पर खड़े फील्डर के पास चली गई।इसपर शशांक सिंह ने कैच लेने में कोई गलती नहीं की। वहीं तब कमेंट्री कर रहे पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने कहा, यह सबसे अजीब आउट होने वाली घटनाओं में से एक है जो मैंने कभी देखी है। गौरतब है कि ऋषभ की इस सत्र में बल्लेबाजी बेहद खराब रहीं। वह 11 मैचों में केवल 128 रन बना पाये हैं। इस दौरान उनका औसत 12.80 और स्ट्राइक रेट 99.22 है रहा है।

# जब अंपायर से टकराये थे बल्लेबाज जेसन रॉय

मुम्बई (ए.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोशल मीडिया में एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बल्लेबाज और अंपायर दोनों का ध्यान कहीं और है और इसी कारण दोनो के बीच टक्कर हो जाती है जिसपर दर्शक हंसने लगते हैं। ये मामला इंग्लैंड में हुए साल 2019 के विश्व कप का है। तब इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय ने में बांग्लादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी पर वह चौका लगाने के बाद वह मैदानी अंपायर जोएल विल्सन से टकरा गए थे। जिससे उनके शतक का मजा किरकिरा हो गया।रॉय ने इस मैच में 121 गेंदों पर शानदार 153 रन बनाए। वह अपना शतक पूरा करने के लिए स्क्वैयर लेग की तरफ शॉट मारने के बाद गेंद की ओर देख रहे थे और जब वह स्ट्रोक खेलने के बाद दौड़ रहे थे तो अंपायर विल्सन से टकर गये जिससे अंपायर गिर पड़े। इस घटना के बाद क्रीज पर मौजूद दोनों बल्लेबाजों सहित बांग्लादेश की पूरी टीम अंपायर के पास पहुंची और उनका हाल जाना। ये राहत की बात रही कि अंपायर को कोई चोट नहीं आयी। इस घटना के बाद पवेलियन में पूरी मेजबान टीम हंसती देखी गयी।

# डोप टेस्ट में पॉजिटीव पाये जाने के कारण खेल से दूर हुए रबाडा



जोहान्सबर्ग (ए)। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। डोप टेस्ट में पॉजिटीव पाए जाने के बाद से ही वह निलंबन झेल रहे हैं। इसी कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) भी छोड़ना पड़ा है। रबाडा आईपीएल में गुजरात टाइटन्स की ओर से खेल रहे थे। रबाडा पिछले माह अचानक ही स्वदेश लौट गये थे हालांकि उन्होंने तब कोई कारण नहीं बताया था। वहीं क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसके) ने कहा है कि रबाडा को निलंबित कर दिया गया है।

रबाडा के ऊपर प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का आरोप था। । वहीं रबाडा ने कहा कि वह खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाये रखेंगे। साथ ही कहा कि देश की ओर से खेलने का उनका जुनून बना हुआ है। दूसरी ओर बोर्ड ने कहा, सीएसए पूरी तरह से डोप मुक्त खेल के लिए प्रतिबद्ध है और पेशेवर और शौकिया दोनों तरह के क्रिकेट खिलाड़ियों को सभी नियमों का पालन करना ही होगा। साथ ही कहा कि सभी खिलाड़ियों को इस मामले में बचाव का अवसर भी दिया जाएगा। रबाडा ने यह भी कहा कि वह क्रिकेट में वापसी के लिए उत्साहित हैं और उन्होंने अपने परिवार, कानूनी टीम और गुजरात टाइटन्स के प्रति आभार जताया है। वहीं माना जा रहा है कि रबाडा का निलंबन कुछ समय का ही रहेगा। इसका कारण है कि उनका मामला न्यूजीलैंड के क्रिकेटर डग ब्रेसवेल जैसा है जिन्हें पिछले साल कोकीन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।

# अर्शदीप सिंह ने पावरप्ले में मचाया धमाल, 3 खतरनाक बल्लेबाज को आउट कर तोड़ी लखनऊ की कमर

धर्मशाला (आरएनएस) । आईपीएल 2025 का 54वां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मैच में पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पावर प्ले में कमाल का स्पैल डालकर 237 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही लखनऊ की कमर तोड़ कर रख दी. इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने लखनऊ की पारी तीसरे और अपने दूसरे में धमाल मचाया. उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर शानदार फॉर्म में चल रहे मिशेल मार्श को शून्य के स्कोर पर नेहाल वढेरा के हाथों कैच आउट कराया. इस ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने लखनऊ के दूसरे सलामी बल्लेबाज एडेन मार्कराम को 13 रनों के निजी स्कोर पर बोल्ड कर उनकी गिल्लियां बिखेर दीं. अर्शदीप सिंह यहीं नहीं रूके और उन्होंने अपने तीसरे और एलएसजी की पारी के पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर इनफॉर्म बल्लेबाज और लखनऊ के बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले निकोलस पूरन को भी पवेलियन की रहा दिखा दी. अर्शदीप ने पूरन को 6 रनों के निजी स्कोर पर एलबीड्ब्ल्यू आउट किया. अर्शदी सिंह अब तक 3 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटका चुके हैं. इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 236 रन बनाए. पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 48 बॉल में 6 चौके और 7 छक्कों के साथ 91 रनों की पारी खेली. कप्तान अय्यर ने 25 बॉल में 4 चौके और 2 छक्के के साथ 45 रन बनाए. जोस इंग्लिस ने 30 और शशांक सिंह ने 33 रनों का योगदान दिया. लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी और आकाश सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए. लखनऊ की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवर में 145 रनों पर 5 विकेट गंवा चुकी है.

# विदेश समाचार

## पाकिस्तानी सरकार पर लाल मस्जिद के इमाम का बड़ा हमला, भारत के साथ जंग पर कह दी ये बात

इस्लामाबाद (आरएनएस) । पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान पर बड़ा हमला करने की तैयारी कर रहा है. जिससे पाकिस्तान खौफ में है. इस बीच पाकिस्तान में ही शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ आवाज उठने लगी है. दरअसल, पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की लाल मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल अजीज गाजी ने भी भारत के साथ जंग में पाकिस्तान का साथ न देने की बात कही है. इमाम अजीज ने कहा है कि भारत के साथ जंग में पाकिस्तान का साथ देना नाजायज है. उन्होंने कहा कि भारत के साथ जंग इस्लामिक जंग नहीं है. इसीलिए इसमें पाकिस्तान का साथ देना नाजायज और हराम है.

## शहबाज शरीफ ने इस देश से मांगी मदद, भारत के एक्शन का सता रहा डर

इस्लामाबाद (आरएनएस) । भारत के एक्शन से पाकिस्तान खौफ में है. भारत ने सिंधु का पानी रोकने से लेकर पाकिस्तान के साथ व्यापार को भी बंद कर दिया है, जिससे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ दुनिया के देशों के सामने गिड़गिड़ा रहे हैं, सफाई दे रहे हैं. लेकिन पाकिस्तान का झूठ बेनकाब हो चुका है. आतंकिस्तान के तबाह होने का वक्त आ गया है. रिपोर्ट देखिए पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को सता रहा है भारत की कारवाई का डर.पाकिस्तान ने तुर्की से मांगी मदद पीएम मोदी ने पहलगाम के गुनाहगारों को पाताल में भी ढूंढकर मार गिराने की कसम खाई. इससे शाहबाज शरीफ खौफ में है, क्योंकि शाहबाज शरीफ को पता है कि जिन आतंकियों ने पहलगाम को दहलाया भारत में खूनी खेल खेला उन्हें पाकिस्तान ने ही पाला था. शहबाज शरीफ को पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई का डर सता रहा है, तो वहीं भारत के प्रकोप से बचने के लिए वह सुपर पावर अमेरिका समेत दुनिया के तमाम देशों के सामने गिड़गिड़ा रहा है. अपनी सफाई दे रहा है. पाकिस्तानी पीएम तुर्की के राजदूत इरफान निजी रोगू के सामने आतंकवाद पर सफाई देते हुए नजर आए वो तुर्की से मदद की गुहार लगा रहे हैं.

## अब्दाली मिसाइल को पल भर में ढेर कर देगी भारत की ये खास मिसाइल

इस्लामाबाद (आरएनएस) । पहलगाम अटैक के बाद भारत और पाकिस्तान जंग के मुहाने पर हैं. भारत के संभावित हमले से पाकिस्तान खौफजदा है. इसी बीच पाकिस्तान ने एक मिसाइल का टेस्ट कर अपनी खोखली शक्ति का प्रदर्शन किया है. जी हां पाकिस्तान का दावा है कि उसने अब्दाली बैलेस्टिक मिसाइल का सफल टेस्ट किया है. पाकिस्तान की यह अब्दाली मिसाइल सतह से सतह मार करने वाली बैलस्टिक मिसाइल है. इस मिसाइल की रेंज करीब 450 कि.मी है. पहलगाम अटैक के बाद अब्दाली मिसाइल का टेस्ट यह बताता है कि पाकिस्तान अपनी सैन्य ताकत दिखाना चाह रहा है.

### भारत के पास हर हथियार का जवाब

वह भारत को उकसा रहा है. 22 अप्रैल को पहलगाम अटैक में 26 टूरिस्टों की हत्या हुई थी. इस आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान और आईएसआई का हाथ सामने आया है. आखिर पाक की यह मिसाइल कितनी घातक है. दरअसल, अब्दाली बैलेस्टिक मिसाइल का टेस्ट कर पाकिस्तान ने भारत को उकसाने का काम किया है. भारत अब तक संयम से काम ले रहा था. मगर उसकी इस हरकत का अंजाम और बुरा हो सकता है. अगर भारत उस पर अटैक करेगा तो वह कहीं का नहीं रहेगा. पाकिस्तान की अब्दाली को फेस करने के लिए भारत के पास कई मिसाइल हैं.

## पाकिस्तान में क्वेटा-कराची हाईवे पर पुलिस वैन पर चली ताबड़तोड़ गोलियां, 5 पुलिसकर्मी बंधक बनाए, 10 कैदी फरार



इस्लामाबाद (आरएनएस) । पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में क्वेटा-कराची हाईवे पर एक बड़ी सुरक्षा चूक और हमले की खबर सामने आई है। मंगोचर इलाके में हथियारबंद हमलावरों ने एक पुलिस वैन को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलीबारी की है। इस हमले के बाद हमलावर पांच पुलिसकर्मियों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए और वैन में सवार 10 कैदियों को भी छुड़ाकर फरार हो गए। यह घटना क्वेटा-कराची हाईवे पर मंगोचर के पास हुई। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने घात लगाकर पुलिस की गाड़ी पर हमला किया, जिसमें कैदियों को ले जाया जा रहा था। अचानक हुई गोलीबारी से इलाके में दहशत फैल गई।हमले को अंजाम देने के बाद, बंदूकधारी वैन पर नियंत्रण पाने में सफल रहे। उन्होंने सुरक्षा में तैनात पांच पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया। इसके अलावा, वे वैन में मौजूद 10 कैदियों को भी अपने साथ ले गए, जिससे कैदी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तत्काल मौके पर पहुंचीं। इलाके की घेराबंदी कर बंधक बनाए गए पुलिसकर्मियों की तलाश और फरार कैदियों तथा हमलावरों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।फिलहाल, इस हमले के पीछे किस समूह का हाथ है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी और चरमपंथी समूह अक्सर सुरक्षा बलों और सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते रहे हैं। इस वारदात ने एक बार फिर पाकिस्तान में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मर रहा है हॉलीवुड', ट्रंप ने अमेरिका से बाहर की फिल्मों को दिया झटका, लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ

वॉशिंगटन (आरएनएस) । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा और विवादास्पद कदम उठाते हुए अमेरिका के बाहर बनी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा कि हॉलीवुड इंडस्ट्री मर रही है और इसकी



वजह अन्य देशों द्वारा दी जा रही भारी सब्सिडी और सुविधाएं हैं, जो अमेरिकी निर्माताओं को बाहर फिल्म बनाने के लिए उकसाती हैं।

ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा, यह एक सुनियोजित प्रयास है, जिससे अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री को खत्म किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। हॉलीवुड, और अमेरिका के कई सेक्टर्स तबाही की कगार पर हैं।

ट्रंप ने दोहराया कि वह चाहते हैं कि फिल्में फिर से अमेरिका में शूट और प्रोड्यूस की जाएं। इस बयान के बाद अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने भी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रशासन इस दिशा में काम कर रहा है।

हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह टैरिफ सीधे विदेशी स्टूडियोज़ को निशाना बनाएगा या अमेरिकी कंपनियों को भी प्रभावित करेगा जो विदेशों में शूटिंग करती हैं।

गौरतलब है कि लॉस एंजिल्स में फिल्म और टेलीविजन प्रोडक्शन में पिछले एक दशक में करीब 40त्न की गिरावट दर्ज की गई है। ट्रंप प्रशासन इस गिरावट को रोकने के लिए अमेरिका में फिल्म निर्माण को दोबारा आकर्षक बनाने की कोशिश कर रहा है। अब क्या यह फैसला वाकई हॉलीवुड को बचा पाएगा या ग्लोबल फिल्म इंडस्ट्री को झटका देगा? इस पर बहस शुरू हो चुकी है।

## चेन्नई से श्रीलंका के लिए उड़ते विमान में संदिग्धों के बारे में जानकारी मिलने से मच गया हड़कंप, भारत ने किया अलर्ट

श्रीलंका ,(आरएनएस) ।पहलगाम आतंकी हमले के बाद लगातार ऐसी फ्लाइट्स पर नज़र रखी जा रही हैं, जिनमे संदिघ्ध यात्रा कर रहे हों. ऐसे में तीन मई को चेन्नई एयरपोर्ट से श्रीलंकन एयरलाइंस के उड़ान भरते ही श्रीलंका को जानकारी दी गई की उसमे 6 संदिग्ध यात्रा कर रहे हैं, जिसके लैंड होने के बाद श्रीलंका के भंडारानायके अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फ्लाइट को स्पेशल सिक्योरिटी ऑपरेशन से गुज़ारा गया और 6 संदिघ्धों को पकड़ा गया है और पूछताछ की जा रही है.

**श्रीलंकन एयरलाइंस का ब्यान**

श्रीलंकन एयरलाइंस ने इस मामले पर एक ब्यान जारी किया है जिसके बाद ये जानकारी सामने आई, एयरलाइंस के मुताबिक फ्लाइट संख्या रु122, जो कोलंबो में सुबह 11 बजकर 59 मिनट पर लैंड हुई. उसको आतंकी संदिघ्ध होने के चलते गहन जांच से गुज़ारा गया, चेन्नई ATC की तरफ़ से कुछ संदिग्ध के बारे में चेतावनी दी गई थी, जिसके विमान में होने की संभावना थी और फ्लाइट के भंडारानायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड होते ही जांच शुरू की गई. ताज़ा जानकारी के मुताबिक़ जांच पूरी कर ली गई है और संदिघ्ध को सुरक्षाबलों के हवाले कर दिया गया है.

**चेतावनी भारत से मिली**

फ्लाइट के उड़ान भरने के बाद ये जानकारी भारत से श्रीलंका के सुरक्षा एजेंसियों को दी गई, जिसके बाद श्रीलंका एयर फ़ोर्स के अधिकारी फ्लाइट की जांच के लिए पहुंचे और एक एक पैसेंजर के अलावा पूरी फ्लाइट की गहन जांच की गई,

## हूती ने इजरायल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर किया मिसाइल हमला, नेतन्याहू ने जवाबी कार्रवाई की खाई कसम



यरूशलम (आरएनएस) । इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यमन में हूती विद्रोहियों और उनके सहयोगी ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई है। जवाबी कार्रवाई का फैसला हूती समूह के इजरायल स्थित अंतरराष्टीय हवाई अड्डे पर दागे गए मिसाइल हमले के बाद लिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री कार्यालय के आधिकारिक अकाउंट से किए गए एक पोस्ट में दावा किया गया कि हूती के हमले ईरान की शय पर होते हैं। इसमें आगे कहा गया कि इजरायल हमारे मुख्य हवाई अड्डे पर हूती विद्रोहियों के हमले का जवाब देगा और हमारे चुने गए समय और स्थान पर, उनके ईरानी आतंकवादी आकाओं को जवाब देगा।इससे पहले रविवार को, नेतन्याहू ने हूती विद्रोहियों को एक और चेतावनी जारी की, जिसमें समूह के खिलाफ हमला करने की धमकी दी गई। उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा, हमने अतीत में हमला किया, हम भविष्य में भी हमला करेंगे।

हूती ने तेल अवीव के बाहर बेन गुरियन हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल की ओर जाने वाले ड्राइववे पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इजरायल और अमेरिका की ओर से तैनात किए गए डिफेंस सिस्टम्स ने मिसाइल को रोकने का प्रयास किया, लेकिन विफल रहे। हमले के परिणामस्वरूप चार लोग मामूली रूप से घायल हुए और उन्हें नुकसान पहुंचा। मिसाइल हमले के बाद कई अंतरराष्टीय एयरलाइनों ने इजरायल से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दीं, जिनमें एयर यूरोपा, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स, लुफ्थांसा, आईटीए एयरवेज और ब्रूसेल्स एयरलाइंस शामिल हैं।हाल के हफ्तों में हूती ने यमन स्थित अपने ठिकानों पर नए अमेरिकी हवाई हमलों के बीच मिसाइल और ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं। उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूती ने नवंबर 2023 से इजरायल को निशाना बनाया, जिसे वे गाजा में युद्ध के दौरान फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता का कार्य बताते हैं।

# आगामी मानसून के दौरान संभावित घटनाओं को रोकने समय पूर्व तैयारी करें राजस्व अधिकारी : कलेक्टर बालागुरु के.

## सभी विभाग ई-आफिस पर कार्य करें सभी कार्यालयीन कार्यवाही




सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक मामलों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने नेशनल हाईवे, रेलवे तथा सिंचाई परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन एवं मुआवजा वितरण की समीक्षा के दौरान पार्वती परियोजना श्यामपुर के विस्थापन स्थल पर पानी, बिजली, स्कूल, अस्पताल सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नेशनल हाईवे एवं रेलवे के लिए भू-अर्जन तथा मुआवजा वितरण एवं अर्जित भूमि का कब्जा दिलाने के कार्य में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व विभाग के सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि नामान्तरण, बंटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का समय सीमा कें निराकरण करें ताकि संबंधितों को सीएम हेल्पलइन में शिकायत न करना पड़े। उहोंने फार्मर रजिस्ट्री तथा समग्र पोर्टल पर ई-केवाइसी का कार्य शीघ्रता से पूरा करने के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए संयुक्त टीम द्वारा भ्रमण कर नरवाई जलाने वाले किसानों पर जुर्माने एवं अन्य कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## जिला चिकित्सालयः ओपीडी पर्चे के नाम पर 10 रु. में बेच रहे अनधिकृत खाली कागज

सीहोर (निप्र)। जिला अस्पताल, सीहोर में अनियमितताएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ओपीडी में बनने वाले अनधिकृत पर्चे के स्थान पर अब जिला अस्पताल में हाथ से लिखे हुए बिना प्रिंट के कोरे कागज़ के पर्चे लिखकर मरीजों को बांटे जा रहे हैं और जिनका शुल्क प्रति कागज़ 10 रुपये भी वसूला जा रहा है। शहर के युवा समाजसेवी उमेश ने बताया कि पर्चों पर न तो कोई अधिकृत सील लगे जा रही है और न ही शुल्क की किसी तरह की कोई पावती दी जा रही है। इस प्रकार की अव्यवस्था से न केवल भ्रष्टाचार के रास्ते खुलते हैं, बल्कि अग्रिम इलाज में भी मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे पर्चों को अन्य दिवसों में स्वयं जिला चिकित्सालय भी मान्य करने से इनकार कर देता है। अस्पताल परिसर में भी ऐसा कोई पत्र प्रबंधन की ओर से चस्पा नहीं किया गया है, जिससे इन पर्चों को बनाने की वैद्यता ज्ञात हो सके।

# सीएम कार्यालय पीएचई मंत्री के आदेश पर नहीं लगा हेण्ड पंप को ग्रामीण जनता ने जमकर किया प्रदर्शन

## ग्राम नांदनी व ग्राम कांकडखेड़ा में है भीषण जल संकट



सीहोर (निप्र)। सी एम मॉनिट व पी एच ई मंत्री ने 1 माह पहले दिए थे निर्देश अब तक ग्राम नांदनी व ग्राम कांकडखेड़ा में नही हुआ नलकूप खनन तो गुस्साए ग्रामिणों ने किया पंचायत भवन में जमकर किया प्रदर्शन। विकासखण्ड कालापीपल के ग्राम नांदनी, ग्राम कांकडखेड़ा में फरवरी के महीने से ही जल संकट हो रहा है। ऐसी भीषण गर्मी में ग्रामीण जनता महिला, बुजुर्ग, बच्चे दिन भर पानी के लिए मशक्कत करते रहते है। 1-2 कि.मी. दूर कुए से पानी लाने को मजबूर है। कहीं पैदल, कही साईकिल से, कही मोटर साईकिल, कहीं बैलगाड़ी से पानी लाने को मजबूर है। ग्राम नांदनी में 7 हजार की जनसंख्या है, 15 हैण्डपंप स्थापित है, जल स्तर नीचे चले जाने के कारण सब सूख गए है। गांव में नल-जल योजना भी है परंतु पानी न होने के कारण बंद पड़ी है। गांव से बाहर एक टयूबवेल पंप है जिससे घंटा-दो घंटा के लिए पानी आता है जिससे ग्रामीण जनता की प्यास नही बूझ पाती है। ऐसे ही ग्राम कांकडखेड़ा की जनसंख्या 2 हजार के लगभग है, 5 हैण्डपंप लगे हुए है परंतु सब सूखे पड़े है। ग्रामीण जनता गांव से 2-3 किमी. दूर कुए से पानी लाने को मजबूर है।

## कलेक्टर ने 15 मई तक सभी राशन हितग्राहियों की ईकेवाईसी कराने के दिए निर्देश

**मशीन में फिंगर प्रिंट नही आने पर एप के माध्यम से कर सकते हैं ईकेवाईसी अभी तक जिले के 8,88,418 हितग्राहियों ने कराई ईकेवाईसी**

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों की इकेवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभी तक जिले के 10,28,913 पात्र हितग्राहियों में से 8,88,418 हितग्राहियों की इकेवाईसी की जा चुकी है। कलेक्टर बालागुरू के. ने 15 मई तक जिले के सभी पात्र हितग्राहियों की इकेवाईसी कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी पात्र राशन हितग्राहियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी इकेवाईसी कराएं ताकि उन्हें आगे भी निर्बाध रूप से राशन प्रदान किया जा सके। फिंगर नही आने पर एप के माध्यम से कर सकते हैं इकेवाईसी इकेवाईसी कराते समय जिन हितग्राहियों के पीओएस मशीन में फिंगर नहीं आ रहे है वे स्वयं अपने स्मार्टफोन में प्ले स्टोर से मेरा ई-केवायसी एप डाउनलोड कर फेस इकेवाईसी के माध्यम से इकेवाईसी कर सकते है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां





सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा जिले के ग्राम बिजोरा एवं कचनारिया में कुआँ में साफ सफाई का कार्य किया गया। इसके साथ ही हैंडपंप के आसपास की साफ सफाई की गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर फसल पंजीयन की अवधि 15 मई 2025 तक बढ़ाई गई

सीहोर (निप्र)। भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अन्तर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 25 मार्च से 30 अप्रैल 2025 तक जिले में तुअर फसल का पंजीयन के लिए नियत की गई थी। किन्तु अब कृषक हित को ध्यान में रखकर शासन द्वारा पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई 2025 नियत की गई है।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि किसान भाई, जिन्होंने तुअर फसल की बुवाई की हो पंजीयन की कार्यवाही कार्यालयीन समयानुसार (शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर) पंजीयन के लिए निर्धारित लिंक में जाकर स्वयं के मोबाईल, कम्प्यूटर तथा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय के सुविधा केन्द्रों और सहकारी विपणन समिति द्वारा संचालित केन्द्रों अथवा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्रों, साइबर कैफे पर पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज (भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाईल नम्बर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र तथा सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान वनाधिकारी पट्टाधारी, सिकमीदार को आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाईल नम्बर एवं वनपट्टा एवं सिकगी अनुबंध की प्रति) के माध्यम से करवा सकते हैं।

## स्वसहायता समूहों द्वारा घर-घर जाकर परखी जा रही है पेयजल की गुणवत्ता



सीहोर (निप्र)। नगर पालिका सीहोर द्वारा नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शासन के निर्देशानुसार दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वसहायता समूहों की महिलाओं को अमृत मित्र के रूप में चयनित कर, उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है ताकि वे घर-घर जाकर पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर सकें। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित और नगर पालिका के अमले ने सभी क्षेत्रवासियों से पेयजल की गुणवत्ता के लिए समूहों का सहयोग करने की अपील की।नगर क्षेत्र के सभी 35 वार्डों में चयनित तीन स्वसहायता समूहों को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पानी की जांच करने का कार्य सौंपा गया है। इन समूहों की सदस्याएं प्रत्येक घर में जाकर पेयजल के नमूने एकत्र कर वहीं पर त्वरित परीक्षण कर रही हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद जल प्राप्त हो रहा है।

# 31 लीटर दूध और केसर से किया भगवान शिव का अभिषेक और हवन में दी आहुतियां




सीहोर (निप्र)। शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। पूरे वैशाख के माह में आधा दर्जन से अधिक विप्रजनों के द्वारा 21 लाख महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जाएगा। सोमवार को यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास, पंडित कुणाल व्यास और समिति के मनोज दीक्षित मामा के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने सुबह भगवान शिव का 31 लीटर दूध और केसर से अभिषेक किया। वहीं दोपहर में गायत्री मंत्रों के साथ आहुतियां दी। दिव्य अनुष्ठान के दौरान यहां पर मां बगलामुखी की जयंती मनाई गई।बगलामुखी देवी जन्म उत्सव के बारे में वर्णन करते हुए पंडित श्री व्यास ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मां बगलामुखी जन्म उत्सव मनाया जाता है। इस साल यह पावन तिथि है। मां बगलामुखी दस महाविद्याओं में से एक हैं और उन्हें शत्रु नाशक, विजय प्रदायिनी तथा नकारात्मक ऊर्जा का विनाश करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। मां की श्रद्धापूर्वक पूजा करने से भक्तों को भय से मुक्ति मिलती है। मां बगलामुखी को पीताम्बरा देवी के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि उन्हें पीला रंग बहुत प्रिय है। वे शक्ति और तेज का स्वरूप हैं और अपने भक्तों को हर तरह की बाधाओं और संकटों से रक्षा करती हैं। ऐसी मान्यता है कि मां बगलामुखी की उपासना से वाक् सिद्धि प्राप्त होती है, जिससे व्यक्ति अपने शब्दों से दूसरों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। जिस समय भगवती असुर का संघार करने के लिए क्रोधित हुईं तब उसने भगवती के क्रोध को जान कर ब्रह्मा, विष्णु, महेश, रूद्र, और शदाशिव का पंच-अस्त्रों के रूप में आह्वान किया।

## बाबा की मजार पर राय परिवार ने पैश की चादर दूल्हा बादशाह दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स शुरु

सीहोर (निप्र)। हजरत दुल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर सोमवार से तीन दिवसीय उर्स मुबारक शुरू हो गया। प्रतिष्ठित राय परिवार के द्वारा पारंपरा के अनुसार बाबा की मजार पर चादर पैश की गई। सर्वधर्म हिंदू मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा मिलाद शरीफ पढ़ा गया और पहलगाम आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगों के लिए दुआ मांगी गई। उर्स मुबारक बुधवार की रात जारी रहेगा। इस दौरान मशहूर कव्वाल अपनी कव्वालियों से पाकिस्तान को करारा जबाव देंगे



और हिन्दूस्तानियों में वतनपरस्ती का जोश भर देंगे। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय उर्स मुबारक के मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय और नीलेश राय के द्वारा दूल्हा बादशाह बाबा की मजार के लिए चादर भेंजी गई। कमेटी के महासचिव नौशाद खान,अध्यक्ष रिजवान पठान,उपाध्यक्ष हमीद हाजी अनवर शाह बाबा के दिशा निर्देशन में मजार पर चादर चढ़ाई गई। अध्यक्ष रिजवान पठान ने बताया कि मंगलवार 6 मई की रात राजस्थान कोटा के मशहूर कव्वाल गुलाम हुसैन और 7 मई बुधवार की रात भोपाल के कव्वाल मुकर्रम वारसी शहर के कव्वाल कासम झंकार, तारिख मियां निसवती और देश भक्ति से ओतप्रोत कव्वालियां पैश करेंगे। महासचिव नौशाद खान ने बताया कि बीते 57 वर्ष से बड़ी धूमधाम से बाबा की दरगाह पर हिन्दू मुस्लिम एकता के साथ उर्स मनाया जा रहा है। उर्स मेले में काफी लोगों के द्वारा अपनी खाने पीने खिलौने की दुकाने लगाई जाऐंगी।

## 27 जून को आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी भव्य रथयात्रा, श्रद्धालुओं के द्वारा खींचा जाएगा रथ, सुरेश गब्बर परमार को बनाया चल समारोह अध्यक्ष

### रथ में विराजमान होंगे भगवान जगदीश, बलदाऊ और सुभद्रा



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इस मौके पर शहर के छावनी स्थित मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और आगामी 27 जून को शहर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर में समाजजनों की एक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें आगामी दिनों में होने वाले भव्य आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर सर्वसम्मति से समाज के वरिष्ठ सुरेश गब्बर परमार को चल समारोह का अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुरज सिंह परमार, मंडलोई चंदर सिंह परमार, तुलसीराम पटेल, शिव परमार, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, शेर सिंह परमार, देवनारायण, अनार सिंह, हरीश परमार, मुकेश पटेल, महेन्द्र पटेल, विजय परमार, विमल परमार, विक्रम परमार, गजराज, दिनेश परमार, महेन्द्र, गुलाब, जेपी परमार, मनोहर, जीतमल परमार, बब्लू परमार और नरेश परमार आदि शामिल थे।

इस अवसर पर नवनियुक्त चल समारोह अध्यक्ष गब्बर परमार ने बताया कि इस वर्ष पूर्ण आस्था और उत्साह के साथ जगदीश मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इसके लिए भव्य रथ का निर्माण किया जाएगा।

नगर भ्रमण पर रथ में बलदाऊ भैया, बहन सुभद्रा के साथ जगतपति जगन्नाथ स्वामी को विराजमान किया जाएगा और उसके बाद शहर के छावनी से मंडी तक करीब तीन-चार किलोमीटर मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इस वर्ष रथ को खिचने का इंतजाम किया गया है। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन रथों पर सवार होते हैं। सुबह मंदिर परिसर में विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा और उसके पश्चात रथ यात्रा निकाली जाएगी।

## बस स्टैंड स्थित नेहरु पार्क के जीर्णोद्धार की उठी मांग

**नए पार्क बनाने में लाखों रुपए व्यर्थ बर्बाद कर रही सीहोर नपा**

सीहोर (निप्र)। जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालागुरु के. के नाम संबोधित एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर आनंद राजावत को सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर नगर में सीहोर नगरपालिका परिषद भीषण गर्मी में लाखों रुपए खर्च करके नए-नए पार्क और उपवन तैयार कर रही है और ये उपवन भीषण गर्मी में संवरने से पहले ही उजड़ रहे हैं और शासन के लाखों रुपए बर्बाद हो रहे हैं लेकिन सीहोर नपा को इससे कोई लेना-देना नहीं है, उसे तो केवल अपनी वाहवाही से मतलब है फिर चाहे लाखों रुपए की शासकीय राशि पानी में ही क्यों ना बह जाए । अभी हाल ही में सीहोर नपा ने भीषण गर्मी में आंबेडकर उपवन बनाया था, जो कि बनने से पहले ही उजड़ गया और इसमें लगे पौधे पानी की कमी के कारण मुरझा गए तथा शासन के लाखों रुपए बर्बाद हो गए । इस मामले को लेकर जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने सीहोर नपा पर हमला बोलते हुए कहा है कि सीहोर नपा ने तुगलकी निर्णय लेते हुए भीषण गर्मी में लाखों रुपए खर्च कर ये उपवन तैयार किए, जो गर्मी की मार नहीं झेल पाए और वीरान हो गए जबकि यदि इन्हें बारिश के समय तैयार किया जाता तो ये हरे-भरे रहते और जनता को इनका लाभ मिलने के साथ ही सरकारी पैसे का दुरुपयोग भी नहीं होता।

# आज किया जाएगा प्राचीन मठ मंदिर में भव्य भंडारे का आयोज

## शिव महापुराण सुनने से समस्त पापों का नाश-पंडित चेतन उपाध्याय



सीहोर (निप्र)। अंधकार रुपी अज्ञान को हटाने के लिए सत्संग और भगवान का स्मरण जरूरी है। इसी तरह शिव महापुराण का कथा जीव के पूर्व जन्मों के समस्त पापों को दूर करके शिव कृपा का मार्ग प्रशस्त करता है। भगवान शिव की कथा से शरीर, वाणी, मन द्वारा किए गए पाप धूल जाते हैं। कलियुग में शिव कथा के समान कोई भी कल्याणकारी मार्ग सरल नहीं है। उक्त विचार शहर के प्राचीन श्री हंसदास मठ, दशहरा बाग उमा शंकर धाम कालोनी के पास जारी सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण के छठवे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। श्री हंसदास मठ में स्फटिक श्री रिद्धेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा सिद्ध श्री हनुमान महाराज की स्थापना का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन महंत श्री हरिरामदास महाराज के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिव महापुराण के अलावा सोमवार को हरिरामदास महाराज के सानिध्य में प्रतिमाओं का सुख शय्याधिवास, प्राण-प्रतिष्ठा, नित्य पूजन, हवन और आरती आदि का दिव्य आयोजन किया गया। वहीं मंगलवार को कलशारोहण, मूर्ति श्रृंगार दर्शन, पूर्णाहुति, महाआरती, पुष्पांजली, भंडारा महोत्सव के अंतर्गत किया जाएगा। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

सोमवार को कथा के छठवें दिन कथा वाचक पंडित श्री उपाध्याय ने कहा कि शिव का अर्थ है कल्याण, शांति, अविनाशी और प्रकाशमान। शिव उपासक को सांसारिक बंधन बांधकर नहीं रख सकते। महादेव हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। शिव पूजन से समस्त देवताओं के पूजन का फल मिलता है। शिव पुराण भगवान शिव की वाणी है। सर्वप्रथम स्वयं भगवान शिव ने शिव कथा सनत कुमार जी को तथा सनत कुमार ने वेदव्यास जी को शिव पुराण का ज्ञान दिया था। व्यासजी ने सृष्टि के कल्याण के लिए विस्तार से इसका वर्णन किया। शिव पुराण की कथा मोक्ष देने वाली है जैसे की समस्त नदियों में गंगा जी सर्वोपरि है ऐसे समस्त पुराण में से शिव पुराण की कथा परम मंगलकारी है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com